आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-141- ● कटनी ● बुधवार, 23 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -13 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

**आज वर्ल्ड ओलंपिक डे**






## उज्जैन में नकली आयकर आयुक्त को किया गिरफ्तार




**उज्जैन।** उज्जैन की माधवनगर थाना पुलिस ने खुद को आयकर विभाग का अधिकारी बताकर लोगों को नौकरी दिलाने के बहाने ठगने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम दीपक बैरवा है जिसने केसर बाग कालोनी निवासी सत्यनारायण से सरकारी नौकर दिलाने के बहाने एक लाख रुपये ले लिए थे। फरियादी की शिकायत के बाद पुलिस ने दीपक बैरवा को इंदौर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित द्वारा उपयोग की जाने वाली इनोवा कार को भी जब्त कर लिया है। कार पर आयकर आयुक्त इंदौर की प्लेट लगी है। पुलिस को आशंका है कि दीपक और भी लोगों के साथ इस तरह की ठगी कर चुका है, फिलहाल मामले उससे पूछताछ कर मामले की जांच की जा रही है।

# तीसरी लहर की वजह बनेगा डेल्टाप्लस ?

### कोरोना वायरस के नए वेरिएंट का संक्रमण भी लगातार बढ़ता जा रहा

**नई दिल्ली।**

देश में कोरोना लहर की दूसरी लहर समाप्त होने के साथ ही अब जल्द ही कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर का खतरा भी बढ़ते जा रहा है। इस बीच कोरोना वायरस के नए वेरिएंट डेल्टा प्लस का संक्रमण भी लगातार बढ़ते जा रहा है। हेल्थ विशेषज्ञों का भी मानना है कि भारत में कोरोना की तीसरी लहर जल्द आ सकती है और सरकार की भी चिंता है कि कहीं कोरोना वायरस के डेल्टा प्लस वैरिएंट तीसरी लहर के लिए जिम्मेदार न हो। फिलहाल डेल्टा प्लस वैरिएंट के मामले सिर्फ महाराष्ट्र, केरल और मध्य प्रदेश में मिले हैं और इसके तेजी से फैलने की आशंका भी जताई जा रही है। गौरतलब है कि केंद्र सरकरा ने भी कोरोना वायरस के डेल्टा प्लस वेरिएंट को फिलहाल 'वैरिएंट आफ इंटरेस्ट' (Variant of Interest) की श्रेणी में रखा है।



### डेल्टा वेरिएंट के काफी करीब है डेल्टा प्लस वेरिएंट

देश में कोरोना संक्रमण की लहर ने कोहराम मचा दिया था। कोरोना वायरस के डेल्टा वेरिएंट के कारण भारत में दूसरी लहर आई थी और अब डेल्टा प्लस वेरिएंट भी उससे काफी मिलता-जुलता है और काफी तेजी से बढ़ता है। डेल्टा प्लस वेरिएंट को नाम भी दिया गया है। यह डेल्टा वैरिएंट के म्यूटेशन से ही तैयार हुआ है। दभारत में डेल्टा प्लस वेरिएंट के फिलहाल 40 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। महाराष्ट्र, केरल, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु में डेल्टा प्लस वेरिएंट के मामले ज्यादा निकले हैं। डेल्टा प्लस वेरिएंट के भारत में जो मामले मिले हैं उनमें महाराष्ट्र के दो जिलों रत्नागिरी और जलगांव में 16 मामले आए हैं। बाकी तमिलनाडु. केरल और मध्य प्रदेश में मिले हैं। भारत में डेल्टा प्लस वेरिएंट का पहला केस मध्यप्रदेश के भोपाल में सामने आया था। भोपाल में 65 साल की महिला में ये वैरिएंट सबसे पहले पाया गया था।

### बेहद खतरनाक हो सकता है डेल्टा प्लस वेरिएंट

कोरोना के डेल्टा प्लस वैरिएंट को लेकर फिलहाल वैज्ञानिकों के पास ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है। इस वेरिएंट को लेकर लगातार शोध हो रहे हैं। भारत में फिलहाल इसके सिर्फ 40 मामले ही दर्ज किए गए हैं। वैज्ञानिकों ने स्पाइक प्रोटीन में म्यूटेशन के कारण इसके खतरनाक रूप धारण करने की आशंका जताई है। इस वैरिएंट की गंभीरता को देखते केंद्र सरकार ने भी उन तीन राज्यों को एडवाइजरी जारी कर जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया है, जहां इस वेरिएंट के सबसे ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं।

**फटाफट खबरें**



### आतंकी हाफिज सईद के घर के बाहर बम विस्फोट, 12 लोग जख्मी

**लाहौर।** पाकिस्तान के शहर लाहौर के जौहर टाउन में एक बड़ा बम धमाका हुआ है। बताया जा रहा है कि यह बम विस्फोट मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के जौहर टाउन स्थित घर के बाहर हुआ है। बम धमाके में 10 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर हैं, जिन्हें जिन्ना अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कंगना ने की इंडिया का नाम बदलकर भारत करने की मांग



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री %पंगा गर्ल यानि कंगना रणौत फिल्में तो करती ही हैं साथ- साथ सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती हैं। वो अक्सर किसी ना किसी सामाजिक-राजनीतिक और फिल्मी मुद्दे पर अपने विचार रखती हैं जिसकी चर्चा होने लगती है और कई बार उनके विचार विवाद में बदल जाते हैं। हाल ही में कंगना रणौत ने देश का नाम बदलने की बात कह दी है। कंगना ने इच्छा जताई है कि इंडिया का नाम बदलकर भारत कर देना चाहिए। इंडिया नाम ब्रिटिश लोगों ने रखा था और ये गुलामी की पहचान है।

### पूरी हुई पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला की सजा, रिहाई होगी

**बदायूं।** जेबीटी (जूनियर बेसिक ट्रेनिंग) भर्ती घोटाले में सजा काट रहे हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला की सजा पूरी हो गई है। तिहाड़ जेल प्रशासन की तरफ से चौटाला के वकील अमित साहनी को यह जानकारी दी गई है। उनके वकील ने बताया कि कल रात को चौटाला की सजा पूरी हो गई है। कुछ कागजी कार्रवाई बची हुई है। वह पूरी होते ही आधिकारिक तौर पर रिहाई के आदेश जारी हो जाएंगे ।एक्ट के तहत धूमधाम से शादी की थी ।हालांकि ओम प्रकाश चौटाला अभी तिहाड़ जेल से बाहर ही हैं, ऐसे में उनको अब जेल जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वकील का कहना है कि सजा होने से कल तक सरकारी छूट समेत सभी मिलाकर ओम प्रकाश चौटाला की सजा पूरी हो गई है।




शुभांक - 9-6-4

# मध्यप्रदेश में बयानों की सियासत तालिबान तक

### दिग्विजय के आरोप पर शिवराज का पलटवार, विजयवर्गीय भी कूदे

**भोपाल।**

प्रदेश में बयान आरोप प्रत्यारोप की सियायत गर्म हो चली है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए भाजपा पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा कि तालिबान नेताओं से मिलने के लिए भारतीय अधिकारी चुपचाप दौरा करते हैं। इस पर राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार किया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेसी नेता दिग्विजय सिंह के उस ट्वीट को लेकर निशाना साधा, जिसमें एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया था कि भारतीय अधिकारी के चुपचाप तालिबान से मिलने को लेकर भाजपा पर निशाना साधा था। शिवराज सिंह चौहान



ने कहा कि उनकी (दिग्विजय सिंह) मानसिकता तालिबानी है। बता दें कि दिग्विजय सिंह ने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देकर एक ट्वीट किया। इस मीडिया रिपोर्ट में तालिबान के साथ भारतीय नेताओं की मुलाकात के बारे में बताया गया। दिग्विजय सिंह ने कहा, यह बहुत ही गंभीर विषय है। भारत सरकार को इस विषय पर तत्काल वक्तव्य देना चाहिए। क्या भाजपा आईटी सेल इसको संज्ञान में लेकर राष्ट्र द्रोह की श्रेणी में लेगा?

#### दिग्विजय के संपर्कों की जांच हो- कैलाश



भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि दिग्विजय सिंह किस-किसके संपर्क में अभी इसी जांच हो रही है। दिग्विजय सिंह के केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों के तालिबान से संपर्क होने और उसकी जांच करने के ट्वीट पर बोले कैलाश विजयवर्गीय ने यह बयान दिया। जब उनसे पूछा गया कि कौन सी जांच एजेंसी इसकी जांच कर रही है तो भाजपा नेता ने कहा कि अभी कुछ बातें हैं जिन्हें सार्वजनिक नहीं करना चाहिए

**भगौड़ों पर कड़ा एक्शन**

## माल्या, चोकसी और नीरव की करोड़ों की संपत्ति बैंकों को ट्रांसफर

**नई दिल्ली।** देश में बैंकों घोटालों के मामले में सरकार की कार्यवाही का असर अब दिखने लगा है। बैंक धोखाधड़ी के आरोपी विजय माल्या, मेहुल चोकसी और नीरव मोदी की 9,371 करोड़ रुपये की संपत्ति सरकारी बैंकों को ट्रांसफर कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार, तीनों भगोड़ा आरोपियों की संपत्ति से उनकी धोखाधड़ी के चलते हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। प्रवर्तन निदेशालय ने ट्वीट कर कहा कि पीएमएलए के तहत विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चोकसी के मामले में 18,170.02 करोड़ रुपये (बैंकों को हुए कुल नुकसान का 80.45 फीसदी) की संपत्ति जब्त की गई है। साथ ही 9371.17 करोड़ रुपये की कुर्की / जब्त संपत्ति का



एक हिस्सा भी सरकारी बैंकों और केंद्र सरकार को ट्रांसफर कर दिया गया है। ईडी ने कहा कि विजय माल्या और पीएनबी बैंक धोखाधड़ी मामलों में बैंकों की 40 फीसदी राशि पीएमएलए के तहत जब्त किए गए शेयरों की बिक्री के जरिये वसूली गई।

#### बाकी वसूली भी जल्द

अब तक एजेंसी ने इन दो बैंक धोखाधड़ी मामलों में कुल 18,170.02 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने कहा, कुल 9,041.5 करोड़ रुपये की संपत्ति, जो बैंकों को हुए कुल नुकसान का 40 प्रतिशत है, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को सौंप दी गई है। जांच एजेंसी ने कहा कि शेयरों की बिक्री से 800 करोड़ रुपये की और वसूली 25 जून तक होने की उम्मीद है।

**धर्मांतरण मामले में बड़ा खुलासा**

## नोएडा डेफ सोसाइटी का जम्मू कश्मीर के सोपोर से कनेक्शन



**जम्मू।** मौलाना मोहम्मद उमर गौतम और जहांगीर आलम कासमी की गिरफ्तारी के बाद नए-नए खुलासे हो रहे हैं। यहां इस्लामिक कनेक्शन ढूंढा जा रहा था। हालांकि, सिंडिकेट के लोग एनसीआर के मूक बधिर स्कूल तक पहुंच पाए या नहीं, इसकी जांच एटीएस कर रही है। एटीएस उन मूक बधिर स्कूलों के बारे में भी पता लगा रही है जहां इस सिंडिकेट के लोगों ने स्टाफ या छात्रों से किसी के माध्यम से संपर्क किया था। एनसीआर के शहरों में 100 से अधिक मूक बधिर या दिव्यांगों के स्कूल या स्किल सेंटर हैं। इनमें देश के कोने-कोने के लोग पढ़ते हैं या ट्रेनिंग लेते हैं। आईएसआई प्रायोजित इस धर्मांतरण सिंडिकेट के तहत पहले दिल्ली से सटे नोएडा डेफ सोसाइटी को प्रमुख केंद्र बनाया गया था। इसके बाद धीरे-धीरे दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद व अन्य शहरों तक पहुंच बनानी थी।

## अब झारखंड में नेता नाराज ! चार कांग्रेस विधायकों ने दिल्ली में डाला डेरा

**नई दिल्ली।** पिछले काफी दिनों से कांग्रेस पार्टी में जो संकट शुरू हुआ, वो अब तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। राजस्थान और पंजाब के बाद अब झारखंड कांग्रेस में भी कलह की खबरें आ रही हैं। राज्य सरकार से नाराज चल रहे कांग्रेस के चार विधायक आज दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात करेंगे। फिलहाल, राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेसी नेता सचिन पायलट के बीच तकरार जारी है। वहीं पंजाब में मुख्यमंत्री कैप्टन




अमरिंदर सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू के बीच घमासान जारी है। छत्तीसगढ़ में भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव के बीच विवाद चर्चा में आया। इस बीच अब झारखंड कांग्रेस में संकट की खबरें चर्चा में हैं। कांग्रेस के चार विधायक इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला, राजेश कच्छप और ममता देवी आज दिल्ली पहुंच रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, ये चारों विधायक राज्य सरकार से नाराज चल रहे हैं। कांग्रेस के चारों विधायक दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात करेंगे।कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने ट्वीट कर दिल्ली जाने की जानकारी दी। अंसारी ने ट्वीट किया, संगठन को मजबूत करना हमारा लक्ष्य है। झारखंड कांग्रेस को धार देने के लिए मेरे नेतृत्व में चार विधायक उमाशंकर अकेला, राजेश कच्छप और ममता देवी पहले झारखंड के इंचार्ज आरपीएन सिंह से मिले थे

## युवकों ने 17 साल की लड़की को दो मंजिल मकान की छत से फेंका

**मथुरा (एजेंसी)।**

मथुरा के थाना छाता क्षेत्र में तीन युवकों ने सोमवार रात को दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया। इन युवकों ने घर में घुसकर नाबालिग लड़की को दो मंजिल मकान की छत से नीचे फेंक दिया। इसके बाद फरार हो गए। घटना में लड़की की रीढ़ की हड्डी टूट गई है। उसका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। घायल लड़की के पिता ने बताया कि सोमवार रात को 8.12 बजे एक नंबर से मेरे



मोबाइल पर फोन आया और पूछा कि आप घर पर हैं कि नहीं ?मैंने कहा कि मैं घर पर नहीं हूं। इसके बाद बाइक सवार तीन युवक आकर घर में घुस गए और मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों ने उनकी 17 वर्षीय बेटी को दो मंजिल मकान की छत से नीचे फेंक दिया। तीन युवकों के खिलाफ तहरीर दी गई है।

## तमिलनाडु पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बढ़ी एमपी में नगर निकाय चुनाव की सरगर्मी




**भोपाल।** मध्यप्रदेश में नगर निकाय चुनाव जल्द हो सकते ? यह चर्चा आज फिर शुरू हो गई। दरअसल सुप्रीम कोर्ट के तमिलनाडु के लिए निकाय चुनाव कराने के आदेश के बाद यह चर्चा शुरू हुई कि अगर मध्य प्रदेश का मामला भी सुप्रीम अदालत गया तो यहां भी यह निर्णय नजीर बन सकता है ।आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु राज्य निर्वाचन आयोग (टीएनएसईसी) को चार मौजूदा जिलों में से बनाए गए नौ नए जिलों में 15 सितंबर तक स्थानीय निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया है ।इस आदेश के बाद मध्य प्रदेश में निकाय चुनाव की सुगबुगाहट बढ़ गई है। देखा जाए तो तमिलनाडु जैसी हालत मध्य प्रदेश में भी है यहां भी सरकार फिलहाल निकाय चुनाव कराने के मूड में नहीं, कारण कोरोना है लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब कोरोना को बहाना नहीं बताया जा सकता। साफ है कि प्रदेश में चुनाव को लेकर चर्चा तेज हैं कि सुप्रीम कोर्ट के तमिलनाडु में दिए गए निर्णय को माना जाए तो एमपी में भी निकाय चुनाव इसी साल हो जाएंगे।

### मल्लेश्वरी बनीं दिल्ली खेल विवि की पहली कुलपति




**नई दिल्ली।** भारत की पहली महिला ओलंपिक मेडल विजेता कर्णम मल्लेश्वरी को दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली खेल विश्वविद्यालय का पहला कुलपति नियुक्त किया गया है। मल्लेश्वरी ने 2000 सिडनी ओलंपिक में वेट लिफ्टिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। उनका रिकॉर्ड अब भी बरकरार है, क्योंकि भारत की किसी भी महिला ने ओलंपिक में वेट लिफ्टिंग में मेडल नहीं जीता है। मल्लेश्वरी को 1994 में अर्जुन पुरस्कार और 1999 में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## शादी से पहले दरवाजे पर आ धमकी प्रेमिका, बड़े भाई की जगह छोटे ने होने वाली भाभी संग लिए सात फेरे



**चंदौली।** यूपी के चंदौली में एक परिवार में शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं। इसी बीच बरात जाने के एक दिन पहले दरवाजे पर प्रेमिका आ धमकी। प्रेमिका के हंगामे के बाद शादी में एक नया मोड़ आ गया। दरअसल, युवक पहले ही अपनी प्रेमिका से मंदिर में शादी रचा चुका था। इसके बाद वह दूसरी शादी करने की तैयारी में था।सारे सबूतों को प्रेमिका ने पुलिस के सामने पेश कर उसके अरमाने पर पानी फेर दिया। युवक को अपनी प्रेमिका के साथ ही सात जन्मों के बंधन में बंधना पड़ा। वहीं जिस युवती के साथ युवक की दूसरी शादी होनी थी, उसके साथ छोटे भाई ने सात फेरे लेकर सात जन्मों के लिए अपनी अर्धांगिनी बना लिया। मामला चंदौली जनपद के कंदवा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। गांव निवासी बड़े भाई का रिश्ता धानापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के साथ तय हुआ था। इन दोनों की शादी मंगलवार को होना तय थी। लेकिन, बरात जाने से एक दिन पहले सोमवार को दूल्हे की प्रेमिका अपने प्रेमी के दरवाजे पर पहुंची। उसने खुद को दूल्हे की पत्नी बताकर हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद कहानी में नया मोड़ आया। दोनों पक्ष की सहमति पर बड़े भाई की जगह उसके छोटे भाई की बरात मंगलवार की शाम धूमधाम के साथ निकली। छोटे भाई ने अपनी होने वाली भाभी के साथ सात फेरे लिए।

### साउथेम्पटन में बारिश के आसार नहीं, आज निकल सकता है नतीजा



**साउथम्पटन।** डिभारत और न्यूजीलैंड के बीच हो रहे पहले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल का सारा मजा बारिश ने किरकिरा कर दिया है। इस फाइनल टेस्ट मैच का पहला और चौथा दिन बारिश की वजह से बुरी तरह से धुल गया और बाकी दिन भी 90 ओवर नहीं डाले जा सके। पिछले पांच दिनों में केवल 221 ओवर ही फेंके जा सके, इसलिए आज रिजर्व डे में भी मैच होगा। साउथेम्पटन में आज बारिश की संभावना नहीं है लेकिन मैदान पर बादल छाए रह सकते हैं। ऐसे में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को मदद मिलनी तय है। बता दें कि टॉस में भारत को हार मिली और न्यूजीलैंड ने बॉलिंग का चयन किया।इसके बाद भारत ने पहली बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 217 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने पहली पारी में डेवॉन कॉनवे (54 रन) और केन विलियमसन (49 रन) के उपयोगी रन की मदद से 249 रन बनाए। पांचवें दिन भारत को आखिरी सत्र में बल्लेबाजी करने का मौका मिला।

**ट्रायल के नतीजे सामने आने के बाद मंजूरी**

# सितंबर तक आ सकती है बच्चों के लिए कोवैक्सीन

**नई दिल्ली।** कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर खत्म हो चुकी है और अभी भी तीसरी लहर का खतरा बना हुआ है। साथ ही यह माना जा रहा है कि कोरोना की तीसरी लहर बच्चों के लिए ज्यादा खतरनाक हो सकती है। ऐसे में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट डेल्टा प्लस को लेकर बढ़ रही चिंताओं के बीच अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक रणदीप गुलेरिया ने कहा है कि देश में सितंबर तक बच्चों के लिए वैक्सीन आ जाएगी। डॉ. रणदीप गुलेरिया ने कहा कि वैक्सीन निर्माता कंपनी भारत बायोटेक की वैक्सीन कोवैक्सीन के दूसरे और तीसरे चरण के ट्रायल के आंकड़े सितंबर तक आ जाएंगे और ऐसे में बच्चों के लिए देश में जल्द ही वैक्सीन आ सकती है। डॉ. गुलेरिया ने कहा कि देश में



कोवैक्सन का दो से 17 साल की उम्र के बच्चों पर ट्रायल किया जा रहा है।

#### ट्रायल के नतीजे आने पर जल्द मिलेगी मंजूरी

डॉ. गुलेरिया ने कहा कि जैसे ही सितंबर में कोवैक्सीन के ट्रायल के नतीजे सामने आ जाएंगे, उसके बाद उसे मंजूरी दे दी जाएगी। साथ ही अगर फाइजर-बायोनेट (Pfizer-BioNTech) की वैक्सीन को मंजूरी मिलती है तो यह भी बच्चों के लिए एक अच्छा विकल्प होगी। फिलहाल दिल्ली सहित अलग-अलग राज्यों में दो से 17 साल के बच्चों पर कोवैक्सीन का ट्रायल चल रहा है।

# पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों में लक्ष्य से अधिक हुआ टीकाकरण



## एसीसी ट्रस्ट कैमोर सीमेंट वर्क्स की सराहनीय पहल

**कटनी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को राज्य में प्रारंभ हुए कोविड वेक्सीनेशन टीकाकरण महाअभियान के तहत कटनी जिले में राज्य शासन द्वारा सोमवार 21 जून को वृहद स्तर पर कोविड-19 टीकाकरण किया गया। इस महाअभियान के प्रथम दिवस पर पिछड़े ग्रामीण अंचलों को चुना गया, जहां टीकाकरण को लेकर लोगों के मनो में अनेक भ्रांतियां व्याप्त है। डायरेक्टर प्लांट के. आर. रेड्डी के मार्गदर्शन एवं हेड एच.आर. एच. पी. सिंह के सहयोग से एसीसी ट्रस्ट कैमोर सीमेंट वर्क्स की टीम के द्वारा कैमोर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों मे टीकाकरण के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। व्यापक प्रचार प्रसार के फ्लस्वरूप सोमवार को हुए इस अभियान में आदिवासी बाहुल्य ग्रामों बड़ारी और अमेहटा में निर्धारित सभी आयुवर्ग के नागरिकों द्वारा उत्साह एवं उमंग के साथ सक्रिय सहभागिता की गई एवं लक्ष्य से भी अधिक टीकाकरण किया गया। उक्त दोनों गांव के टीकाकरण केन्द्रों पर 666 लोगों को कोविड वेक्सीन का टीका लगाया गया। जिसमें अमेहटा में 426 एवं बड़ारी में 240 लोग शामिल है। उल्लेखनीय है कि संपूर्ण टीकाकरण थर्मल स्केनिंग, मास्क वितरण, सैनिटाइजेशन एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए किया गया। टीकाकरण परिसर में जागरुकता संदेशों को पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। टीका लगवा चुके लोगों के लिए बनाए गये सेल्फी-पॉइंट ग्रामीणों एवं विशेषतः युवाओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की टीम के साथ मिलकर एसीसी ट्रस्ट की टीम ने अपना पूरा योगदान देते हुए टीकाकरण के दो दिन पूर्व से ही गाँव की सभी बस्तियों में जाकर लोगो को टीकाकरण कराने हेतु प्रेरित किया, साथ ही लोगो का टीके के प्रति डर एवम् भ्रम को दूर करने का पूरा प्रयास भी किया गया। साथ ही ट्रस्ट-टीम के द्वारा सभी को दो गज की दूरी, साफ-सफाई एवं कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करने की समझाइश भी दी गई। गांव-गांव जाकर चलाये गये व्यापक जनजागरूकता अभियान एवं प्रचार-प्रसार के कारण गांव की जनता में कोविड वैक्सीन टीकाकरण के प्रति जागरूकता का संचार हुआ। जिसके फलस्वरूप बड़ारी एवं अमेहटा के दोनों केन्द्रों पर काफी भीड़ थी। गाँव के दिव्यांग जनों, बुजुर्गों सहित युवाओं ने भी बड़े ही उत्साह पूर्वक भाग लिया, साथ ही टीकाकरण ना कराने वाले लोगो हेतु संदेश भी दिए और बताया कि टीका पूर्ण रूप से सुरक्षित है और सभी को अवश्य रूप से टीकाकरण करना चाहिए। जो लोग कुछ दिन पूर्व टीके से डर रहे थे और टीकाकरण कराने से साफ मना कर रहे थे ऐसे सभी लोग उत्साह के साथ टीका लगवाने आये। ग्रामीणों की उपस्थिति और सहभागिता को देखते हुए प्रशासन के द्वारा 100 अतिरिक्त टीके की व्यवस्था की गई। टीकाकरण के लक्ष्य को हासिल करना एवं लक्ष्य से अधिक लोगों को कोविड वैक्सीन का टीका लगवाना निश्चित रूप से जिले के लिए एक अच्छी उपलब्धि है। इस उपलब्धि को हासिल करने में स्वास्थ्य विभाग एवं जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के साथ एसीसी ट्रस्ट हेड श्रीमती ऐनेट एफ बिश्वास के मार्गदर्शन में टीम के अमित सोनी, अमित बाग, मोहसीना, पीयूष लाल, अनूप, अयोध्या, परम, पूजा तिवारी एवं उमाकांत उरमलिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। साथ ही पिछड़े आदिवासी बस्तियों में इस महाअभियान को सफ्ल बनाने में सरपंच बड़ारी चमनलाल दाहिया, सरपंच अमेहटा सुमन अथालये, पंचायत सचिव, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता श्यामली, छविमाया, सुशीला, आँगनवाड़ी सहायिका, स्मिता दुबे एवं जन प्रतिनिधियों का विशेष सहयोग व योगदान रहा है। शासन-प्रशासन के साथ मिलकर टीकाकरण के इस महाअभियान को सफ्ल बनाने हेतु एसीसी ट्रस्ट कैमोर कटिबद्ध एवं प्रयासरत है।



## केन्द्रवार टीकाकरण कार्य की समीक्षा

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा कोविड -19 महामारी के प्रसार पर अंकुश लगानें हेतु 21 जून से 30 जून 2021 तक कोविड-19 टीकाकरण महा-अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के गठित अमले के अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में विगत दिवस नगर के चिन्हित 57 केन्द्रों में लाभार्थियों को टीकाकरण कराकर सुरक्षा कवच प्रदान किया गया। अभियान का लाभ नगर के शत प्रतिशत लाभार्थियों को प्राप्त हो सके इस हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा प्रभारी अधिकारी एवं उपायुक्त अशफाक परवेज की उपस्थिति में सायं 4 बजे से वैक्सीनेशन कार्य में संलग्न निगम के अधिकारियो- कर्मचारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगमायुक्त श्री धाकरे द्वारा विगत दिवस कराये गए टीकाकरण कार्य की टीकाकरण केन्द्र वार वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा की जाकर वैक्सीनेशन कार्य को गति प्रदान कर रोजाना का प्रतिशत बढानें हेतु आवश्यक कार्यवाही करनें के निर्देश प्रदान किये गए। निगमायुक्त श्री धाकरे ने द्वारा टीकाकरण का प्रतिशत कम होने के कारणों की जानकारी चाही जाकर कार्य को गति प्रदान कर अधिक से अधिक लाभार्थियों को टीकाकरण का लाभ दिलाने हेतु कार्ययोजना तैयार करने, वार्ड की ऐसी बस्तियों को जहां के लोगों को टीकाकरण नहीं हुआ है को चिन्हित कर लोगों को टीकाकरण हेतु प्रेरित करने, टीकाकरण कार्य हेतु नियुक्त प्रेरकों से स्वयं संपर्क कर वार्ड की बस्तियों में भ्रमण करनें, मलिन बस्तियों में जागरूकता अभियान चलाने तथा जिनका भी टीकाकरण नहीं हुआ है उनहे टीकाकरण केन्द्र में जाकर वेक्सीनेशन करानें हेतु भेजनें, वार्ड की सब्जी मंडियों, व्यापारिक क्षेत्रों, प्रतिष्ठानों आदि में संपर्क कर संचालकों एवं स्टाफ का टीकाकरण करानें, वार्ड में टीकाकरण के संभावित स्थलों की सूची तैयार कर मोबाईल वैन के माध्यम से टीकाकरण का कार्य करानें, नजदीक बनें टीकाकरण कन्द्रों में लाभार्थियों की संख्या कम आनें पर उसके बंद करनें की जानकारी के संबंध में प्रस्ताव दिये जाने के निर्देश प्रदान किये गए। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें नगर के ऐसे समस्त नागरिकों अपील की है कि टीका पूर्ण रूप से सुरक्षित है वे कोरोना महामारी की संभावित तीसरी लहर से बचने हेतु स्वयं तथा अपनें परिवार के सदस्यो का वार्ड के नजदीकी टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर टीकाकरण कराकर अपना सामाजिक और परिवारिक दायित्व निभाए।

**निगमायुक्त ने दिए आवश्यक निर्देश**

## रैली के माध्यम से दिया गया स्वच्छता का संदेश

**कटनी।** कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा तथा निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत रोजाना विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाकर नागरिकों में स्वच्छता की अलख जगाई जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना संक्रमण के प्रसार से बचाव एवं आमजनों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लानें के उद्धेश्य से निगम की सहयोगी संस्था द्वारा नगर के विभिन्न वार्ड में सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के तहत सीवर एवं सैप्टिक टेंक की सुरक्षित सफाई की जानकारी प्रदाय करनें हेतु सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचलयों के आस पास एवं नगर के विभिन्न वार्डो में घर - घर दस्तक अभियान का आयोजन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत आज प्रातः गुरूनानक वार्ड स्थित बरही रोड में स्व्च्छा ब्रांउ एम्बेस्डर की उपस्थिति में प्रभात फेरी का आयोजन किया जाकर जन सामान्य को स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया जाकर अपनें घरों के आसपास स्वच्छता बनाये रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने, अनलॉक के दौरान बाजार क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण के प्रसार से सुरक्षा हेतु चेहरे पर मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने एवं साबुन से हांथ धुलने अथवा सेनेटाईजर का उपयोग करनें की समझाईश दी गई। जन जागरूकता रैली के माध्यम से घर घर दस्तक अभियान चलाया जाकर स्थानीय निवासियों को सीवर एवं सैप्टिक टैक की सुरक्षित सफाई कराने एवं इनसे संबंधित शिकायतों का निराकरण टोल फ्री नंबर 14420 के माध्यम से करानें की जानकारी प्रदान की गई।






## महा अभियान में महिला सरपंच की जागरुकता बनी मिसाल

**कटनी।** वेक्सीनेशन महा अभियान में सराहनीय कार्य को लेकर तहसील क्षेत्र में सोमवार को टीकाकरण महा अभियान की शुरुआत में ही क्षेत्र में लोगों ने बढ़ चढ़कर अभियान को सफ्ल बनाने के लिए हिस्सा लिया। टीकाकरण अभियान में सराहनीय कार्य करने वालों के लिये सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन जनपद सभागार में मंगलवार को किया गया। एसडीएम ढीमरखेड़ा सपना त्रिपाठी ने बताया कि 14 टीकाकरण केंद्रों में ढीमरखेड़ा मुरवारी और सिलोंड़ी में दोपहर में ही लक्ष्य के अनुसार टीकाकरण पूर्ण हो चुका था। ग्राम मुरवारी में 100 का लक्ष्य था, जिसमें 309 लोगों ने टीकाकरण लगवाया। मुरवारी ग्राम में टीकाकरण अभियान को सफ्ल बनाने में महिला सरपंच सविता माझी, प्रेरक मित्र दीपू बैरागी, संतोष विश्वकर्मा प्रकाश माझी एवं अन्य जनों ने सराहनीय कार्य किया था। मंगलवार को जनपद सभागार ढीमरखेड़ा वेक्सीनेशन महा-अभियान में सराहनीय करने वालों को तिलक बन्दन लगाकर, पुष्प माला पहनाकर 5 हजार की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। एसडीएम ने जानकारी में बताया की क्षेत्र में टीकाकरण को लेकर जिन पंचायतों में उत्कृष्ट कार्य किया जाएगा, आने वाले दिनों में उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। वेक्सीनेशन महा अभियान को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, प्रेरक मित्र, नोडल अधिकारी, निरीक्षण कर्ता अधिकारी, फील्ड स्तर पर कार्य करने वाली सभी कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, जनपद अध्यक्ष साधना चौरसिया, तहसीलदार हरि सिंह धुर्वे, सहायक यंत्री आरके गुप्ता, जनप्रतिनिधि राजेश चौरसिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**ढीमरखेड़ा एसडीएम ने महिला सरपंच का किया सम्मान**


## महिला ठेकेदारों को नहीं देना होगा अब पंजीयन शुल्क

### लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्देश जारी

**कटनी।** राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देनें और महिलाओं के लिए रोजगार अवसर को आसान बनाने के उद्देश्य लोक निर्माण विभाग द्वारा पहली बार ठेकेदारी के लिए पंजीकृत होने वाली मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला ठेकेदारों को पंजीयन शुल्क की छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि राज्य शासन के इस निर्णय से सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री और डिप्लोमा करने वाली युवा महिलाओं तथा अन्य महिलाओं को शासकीय कांट्रेक्टर के रूप में कार्य करने में आसानी होगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आत्म-निर्भर मध्य प्रदेश के क्रम में रोजगार संसाधनों के सृजन का जो लक्ष्य रखा गया है उसी कड़ी में एक कदम है। प्रमुख सचिव लोक निर्माण नीरज मंडलोई ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा लोक निर्माण विभाग ठेकेदारों के पंजीयन की वर्तमान प्रचलित केंद्रीकृत व्यवस्था 2016 में संशोधन कर, सोल-प्रोपराइटर महिला ठेकेदारों को पंजीयन शुल्क से मुक्त किया गया है। लेकिन सोल-प्रोपराइटर महिला ठेकेदार फर्म को अन्य व्यक्तियों को सम्मिलित करते हुए, पार्टनरशिप फर्म अथवा कंपनी के रूप में पंजीकृत होने पर पूर्व के अनुसार पंजीयन शुल्क देना होगा।

## स्वसहायता समूहों की महिलाएं दे रही कोरोना महामारी से बचाव की जानकारी





**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कटनी अंतर्गत स्वसहायता समूह की दीदीओ द्वारा ग्राम स्तर पर कोरोना महामारी से बचाव व उपचार के तरीको को लेकर प्रशिक्षण के माध्यम से समूह, ग्राम संगठन व संकुल स्तरीय संगठन की बैठक मे जागरूकता अभियान चलाकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले के समस्त विकासखण्ड के मिशनकर्मियो व सीआरपी एवं पदाधिकारियो के साथ साथ सामुदायिक संगठन के सदस्यो को वर्चुअल प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त मिशनकर्मियों एवं सीआरपी दीदीओ द्वारा ग्रामीण स्तर पर समूह की महिलाओ व अन्य ग्रामीणों को कोरोना महामारी के बचाव पर प्रमुख जानकारी दी जा रही है। घर के बाहर रेखा खींचकर बेवजह घर से बाहर न निकलें, मास्क पहनना, बार बार हाथ धोना, भीड़ भाड़ वाले स्थान पर जाने से बचना, घर मे रहना, आपस मे दो गज की दूरी रखना, कोरोना लक्षण होने पर तुरंत जॉच करना, इसकी जानकारी भी ग्रामीणों को दी जा रही है। इसके साथ साथ 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को टीकाकरण हेतु प्रेरित करना मुख्य रूप से शामिल है। टीका लगवाने हेतु घर घर जाकर हल्दी चावल से निमत्रंण दिया गया। अभी तक निम्नानुसार परिवारो को टीकाकरण हेतु प्रेरित करने का कार्य किया गया है।

इसके साथ समूह की महिलाओं के द्वारा दीवार लेखन कर जागरूकता संदेश प्रचारित किये जा रहे है। जिससे कोरोना महामारी को ग्राम स्तर पर रोकने मे मदद मिल सके। इस महत्तवपूर्ण काम मे समूह की दीदीओं को भरपूर सहयोग मिल रहा है।

**कोरोना वेक्सीनेशन को लेकर भी की जा रही हैं जनजागरुकता की गतिविधियां**

## योग निरोगी काया की हमारी सनातन विरासत

### योग दिवस पर भाजपा नेताओं ने किया लोगों को जागरूक



**कटनी।** योग हमारी वह सनातन प्राचीन विरासत है जिसे सम्पूर्ण विश्व ने स्वीकारा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व की बदौलत आज पूरी दुनिया मे योग दिवस मनाया जा रहा है। यह पुनः भारत के विश्वगुरु बनने के स्वप्न के पूरे होने जैसा है। उक्त विचार न्यू कटनी मण्डल में रोशन नगर स्थित परोहा कम्पाउंड में योग दिवस पर योग कलाओं को करते तथा लोगों को जागरूक करते हुए भाजपा नेताओं ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह तथा संगठन के सिरमौर सदैव सेवा ही संगठन को आत्मसात करने वाले प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में योग के साथ साथ आज वेक्सीनेशन महाभियान प्रारम्भ हुआ है जिसमें भाजपा कार्यकर्ता अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने ने सभी से वेक्सीनेशन कराने का आग्रह किया। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के दिन न्यूकटनी मंडल मे भाजपा द्वारा परोहा मार्केट मैदान मे योग कर योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनीष दुबे, योग शिक्षक वी. डी. राठौर एवं अर्नव शर्मा, रवि खरे, पंचम दाहिया, ममता बंसल, अभिषेक शर्मा, आशीष मिश्र, राजू जायसवाल, गौरी शंकर पटेल, अमित पिल्लई, राकेश चक्रवर्ती, राजकुमार चक्रवर्ती, रुद्र श्रीवास, आदि कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

### टीकाकरण केंद्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने की सहायता

21 जून से प्रदेश में टीकाकरण महाअभियान के तहत पुरानी कचहरी स्थित मुख्य टीकाकरण केंद्र में सांसद टीकाकरण सहायता केंद्र के माध्यम से टीकाकरण केंद्र में हेतु आने वाले नागरिकों की सहायता की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नागरिकों को पेयजल, बिस्किट आदि वितरण किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष, मनीष दुबे, शिवम शर्मा, यगदत्त पप्पा मिश्रा, रविन्द्र मिश्र, अभिषेक शर्मा, सकल्प अग्रवाल, बल्ली सोनी, सोनू बहरे, मनीष त्रिसोलिया उपस्थित रहे।

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. अनुराग खरे | डॉ. कनिका अग्रवाल | डॉ. आकिर हुसैन | डॉ. अनिमेष गुप्ता
दवाईयां एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग
उपलब्ध विभाग
हेल्पलाईन नं.8982275111
उपलब्ध सुविधायें
मेडिसिन विभाग, हृदय रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति विभाग, दंत रोग विभाग, हड्डी रोग विभाग, त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
शिशु रोग विभाग, मस्तिष्क रोग विभाग, ट्रामा विभाग, कैंसर विभाग, फिजियोथेरेपी विभाग, प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
नार्मल डिलेवरी, सीजेरियन डिलेवरी, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, आई.सी.यू. वार्ड
सेमी. प्रायवेट वार्ड, जनरल वार्ड, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, हेयर ट्रांसप्लांट
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 23 जून 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## आज 88 केन्द्रों पर हुआ वेक्सीनेशन

**कटनी।** कोरोना वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत आज 23 जून को जिले के 88 केन्द्रों में टीकाकरण किया गया। कटनी शहरी क्षेत्र के लिये जिला प्रशासन द्वारा 26 टीकाकरण केन्द्र स्थापित किये गये थे, इनमें से कुछ केन्द्रों में ऑनलाईन पंजीयन की भी व्यवस्था की गई है। 26 केन्द्रों पर ऑनस्पॉट वेक्सीनेशन की व्यवस्था की गई, वहीं 21 केन्द्रों पर ऑनलाईन और ऑनस्पॉट दोनों ही माध्यमों से टीकाकरण किया गया। 2 केन्द्रों में ऑनस्पॉट वेक्सीनेशन के दूसरे डोज की व्यवस्था भी की गई है। इनमें पुरानी कचहरी कटनी और नगर निगम कार्यालय शामिल हैं। केन्द्रों में 23 जून की सुबह 10 बजे से टीकाकरण का कार्य शुरू किया गया। शहरी क्षेत्र पुरानी कचहरी परिसर, चाण्डक हॉस्पिटल, बाबा माधवशाह हॉस्पिटल कटनी, श्री हॉस्पिटल बरगवां, ऑर्डिनेन्स हॉस्पिटल, सेवा भारती सरस्वती स्कूल, सिंधु भवन नई बस्ती, तिलक कॉलेज में वेक्सीनेशन सत्र आयोजित किया गया। इसी तरह गहोई धर्मशाला पुरानी बस्ती, दिगम्बर जैन धर्मशाला सिटी कोतवाली के सामने, कृषि उपज मण्डी पहरुआ, शासकीय प्राथमिक शाला वेंकट वार्ड, धन्ती बाई स्कूल चाण्डक चौक, शासकीय प्राथमिक शाला पुरैनी, नगर निगम जोन कार्यालय खिरहनी, बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम, छात्र संग्राम परिषद् स्कूल गायत्री नगर, शिकागो पब्लिक स्कूल मानसरोवर कॉलोनी कटनी, रसकला संगीत कॉलेज, तिलक कॉलेज, गुरुनानक स्कूल बरही रोड, सिंधु भवन नई बस्ती में भी ऑनलाईन और ऑनस्पॉट वेक्सीनेशन होगा। वहीं ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन के माध्यम से रेल्वे हॉस्पिटल एनकेजे, एसीसी हॉस्पिटल, झूलेलाल मंदिर माधवनगर, पंजाबी धर्मशाला माधवनगर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लखेरा और कार्यालय नगर निगम में भी टीकाकरण किया गया। इसी तरह जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा 62 टीकाकरण केन्द्र स्थापित किये गये हैं।

## माध्यमिक शिक्षक पद पर भर्ती के अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन का अंतिम अवसर दिया विभाग ने

**कटनी।** आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती जयश्री कियावत ने बताया कि माध्यमिक शिक्षक पद पर भर्ती के लिए प्रावधिक चयन या प्रतीक्षा सूची के शेष 594 अभ्यर्थियों ने अपने दस्तावेज सत्यापन अभी तक नहीं कराया है। इन अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन कराने के लिए 23 जून 2021 को अंतिम अवसर दिया जा रहा है। एमपी ऑनलाईन ने अभ्यर्थियों को उनके रजिस्टर्ड मोबाइल पर एस.एम.एस. से सूचना और एमपी ऑनलाईन पोर्टल पर अभ्यर्थियों की सूची प्रदर्शित की गई हैं। यदि माध्यमिक शिक्षक पद के अभ्यर्थी 23 जून 2021 को अपने दस्तावेज सत्यापन नहीं कराते है तो उनकी अभ्यिर्थता निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। उल्लेखनीय है कि इस सूचीं के अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन निर्धारित सत्यापन केन्द्रों पर 15 जून 2021 को पूर्ण हो चुका है। शेष बचे अभ्यर्थियों को यह अंतिम अवसर दिया जा रहा है।

# मिलर्स को प्रोत्साहित करने प्रोत्साहन राशि होगी तय



### ऐसे प्रोत्साहन राशि तय करने की तैयारी

- 50 रुपये प्रति क्विंटल होगी। मिलर्स को स्वीकृत कुल मात्रा का 20 प्रतिशत एफसीआई और 80 प्रतिशत नान में जमा करने पर।
- 100 रुपये प्रति क्विंटल प्रोत्साहन मिलेगी, अगर आधा चावल एफसीआई और आधा नान में चावल अपग्रेड कर जमा करने पर।
- 200 रुपये प्रति क्विंटल की प्रोत्साहन राशि मिलेगी 60 प्रतिशत एफसीआई और 40 प्रतिशन नान में जमा करने पर।
- ढाई सौ रुपये प्रति क्विंटल की प्रोत्साहन राशि पूरा चावल एफसीआई में जमा करने पर मिलर्स को दी जाएगी।
- चारों श्रेणियों में विस्तृत शर्तें लागू की जाएगी, जो जारी निर्देश पर स्पष्ट होगा। वर्तमान में 10 रुपये प्रति क्विंटल मिलिंग और 25 रुपये प्रोत्साहन राशि दिया जा रहा है।

### इसलिए बढ़ानी पड़ रही प्रोत्साहन राशि

माना जा रहा है कि पिछले वर्ष जबलपुर संभाग के कुछ जिलों में राशन दुकानों में जानवरों के खाने योग्य चावल सप्लाई का मामला सामने आने के बाद पीएमओ से जानकारी मांगने और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा इओडब्ल्यू को जांच दिए जाने के बाद चावल जमा करने के दौरान गुणवत्ता का पालन होने लगा और इससे मुनाफा पर असर पड़ने के बाद मिलिंग की गति कम हो गई। इस साल 6 महीने बीत जाने के बाद भी पूरे प्रदेश में धान की मिलिंग 13 प्रतिशत से ज्यादा नहीं बढ़ी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए मिलिंग बढ़ाने मिलर्स को प्रोत्साहित करने चार श्रेणियों में प्रोत्साहन राशि देने की तैयारी है।

## जितना ज्यादा एफसीआई में जमा होगा चावल, उतनी ही अधिक प्रोत्साहन राशि

**कटनी।** सरकारी धान की मिलिंग के बाद जरुरतमंद परिवारों के लिए चावल जमा करने वाले मिलर्स को प्रोत्साहित करने अब प्रदेश सरकार ने चार श्रेणियों में प्रोत्साहन राशि देने की तैयारी की है। इसमें मिलर्स जितना ज्यादा चावल एफसीआई के मानकों के अनुसार जमा करवाएंगे, उन्हें उतनी ही अधिक प्रोत्साहन राशि मिलेगी। मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन नान के जिला प्रबंधक मधुर खर्ग ने बताया कि मिलिंग का औसत बढ़ाने के लिए मिलर्स को चार श्रेणियों में प्रोत्साहन राशि देने की तैयारी है। प्रोत्साहन राशि में दस रुपये प्रति क्विंटल मिलिंग दर पूर्व के अनुसार पहले से होगी। प्रोत्साहन राशि का उद्देश्य यही है कि राशन दुकानों के लिए जमा होने वाले चावल की गुणवत्ता में किसी प्रकार से कमी नहीं आए। इसके साथ ही गोदाम में रखे धान को जल्दी कम कर चावल में बदला जाए।

### सरकार भी मानती है एफसीआई से आसान है नान में चावल जमा करना

सरकारी धान की निजी मिलर्स द्वारा मिलिंग के बाद चावल जमा करने को लेकर जिस प्रकार से प्रोत्साहन राशि तय करने की तैयारी चल रही है। उसके बाद एक सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या सरकार भी मानती है कि फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया एफसीआई के गोदाम की तुलना में नागरिक आपूर्ति निगम नान के अधीन संचालित गोदाम में चावल जमा करना ज्यादा आसान है।

### कटनी में 6 माह में महज 12 प्रतिशत ही मिलिंग

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बाद मिलिंग के मामले में कटनी प्रदेश के औसत से पीछे है। यहां 3 लाख 27 हजार मिट्रिक टन में महज 52 हजार मिट्रिक टन धान की मिलिंग हो सकी है। जानकार बताते हैं कुछ मिलर्स इस मामले में लगातार सरकारी गोदाम में धान भंडारण का मुद्दा भी उठाते रहे हैं। भंडारण के दौरान धान खराब होने और उससे मिलिंग के बाद चावल की गुणवत्ता पर असर पड़ने की बात कहते रहे हैं।

# युवा कांग्रेस ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

### घोटालेबाजों के लिए की सदबुद्धि की कामना

**कटनी।** अयोध्या में भारतीय लोगों की आस्था के केंद्र मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण में हर दिन नए घोटाले उजागर हो रहे है, जिससे हर सच्चा भारतीय आहत है एवं सरकार आंख मूंदकर तमाशा देख रही है। जिसको लेकर मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के आव्हान पर जिला युवा कांग्रेस द्वारा सरकार व मंदिर ट्रस्ट के लोगों को सद्‌बुद्धि प्रदान करने के लिए युवा कांग्रेस के साथियों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ व आरती स्थानीय हनुमान मंदिर पर किया गया एवं ईश्वर से प्रार्थना की गई कि भगवान श्रीराम इस भ्रष्टाचारी सरकार को एवं मन्दिर ट्रस्ट के लोगों को सद्‌मार्ग पर लाएं व जनता को धर्म के नाम पर गुमराह करना बंद करे। कार्यक्रम में जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मनु दीक्षित, प्रदेश सचिव रौनक खंडेलवाल, दीपक केशरवानी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष दिव्यांशु मिश्रा, सूर्यकांत कुशवाह, अनुज सोनी, ललित बर्मन, विवेक जादवनी आदि उपस्थित रहे।



# निगमीकरण के खिलाफ अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे कर्मचारी

### महासंघों की बैठक में बनी रणनीति, लिए गए कई फैसले

**कटनी।** आयुध निर्माणियों को सात निगमों में बांटने के केन्द्र सरकार के फैसले पर तीनों कर्मचारी महासंघ आइडीइएफ, बीपीएमएस और आइएनडीडब्ल्यूएफ ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। पिछले दिनों जबलपुर में आयोजित बैठक में तीनों महासंघों ने तय किया है कि आगामी 19 जुलाई से कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। इस दौरान सेना के लिए किसी प्रकार के हथियारों का उत्पादन नहीं होगा। वर्चुअल बैठक में तीनों महासंघों के अध्यक्ष एवं महामंत्री ने सरकार की नीति पर विस्तार से चर्चा की। सर्वसम्मति से तय किया गया कि स्थगित हड़ताल को पुनर्जीवित किया जाएगा। इसका नोटिस एक जुलाई को देश भर की तमाम आयुध निर्माणियों के महाप्रबंधकों को दिया जाएगा। बेमियादी हड़ताल शुरू करने के निर्णय की सूचना सरकार को 23 जून को दी जाएगी। इस दौरान फेडरेशन अपनी-अपनी कार्यकारिणी समिति की बैठक करेंगे। कर्मचारियों ने तय किया है कि तीन दिनों के भीतर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उन्हें संयुक्त निर्णय की जानकारी देंगे। महासंघों ने कहा कि सुलह प्रक्रिया सीएलसी द्वारा आईडी अधिनियम 1947 के प्रावधानों के अनुसार समाप्त कर दी गई है। ऐसे में 7 दिनों के बाद हड़ताल की कार्रवाई को बहाल कर सकते हैं। इसी प्रकार आयुध निर्माणियों के संगठन, जेडब्ल्यूएम एसोसिएशन, आईओएफएस एसोसिएशन और एनपीडीईएफ, आईबीडीईएफ को पूर्ण समर्थन देने और आयुध निर्माणियों को बचाने के लिए कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए संयुक्त पत्र जारी किया जाएगा।

# कराया वेक्सीनेशन, दिलाया सुरक्षा कवच

**श्रवण कुमार बन बबली ने निभाई मां को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी,नेत्रों से दिव्यांग अपनी मां को साईकल में बैठाकर पहुंची टीकाकरण केन्द्र**

**कटनी।** कोरोना वेक्सीनेशन महा-अभियान में नागरिकों ने उत्साह के साथ वेक्सीनेशन कराया। ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण को लेकर जागरुकता देखते ही बनी। जुहला निवासी 78 वर्षीय श्यामकली अपनी नेत्रों से दिव्यांग पोती को लेकर टीकाकरण कराने जुहला टीकाकरण केन्द्र पहुंचीं। बहुदिव्यांग जुहली निवासी अजय सिंह भी जुनून के साथ टीकाकरण केन्द्र पहुंचे और कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये कोविड-19 वेक्सीनेशन कराया। महा-अभियान में एक बिटिया, श्रवण कुमार की भूमिका में सामने आई। रीठी विकासखण्ड के ग्राम बड़गांव में स्थापित टीकाकरण केन्द्र में बबली अपनी 60 वर्षीय नेत्रों से दिव्यांग मां को साईकल में बैठाकर टीकाकरण कराने के लिये पहुंची। कमला रैकवार बड़गांव निवासी हैं और उन्हें दोनों ही आंखों से दिखाई नहीं देता, लेकिन उनकी बेटी बबली ने अपनी मां को कोरोना जैसी महामारी से बचाने के लिये टीकाकरण कराने की ठानी। उन्होंने स्वयं स्वाभिमान के साथ आत्मसंबल से अपनी मां को साईकल में बैठाया और टीकाकरण केन्द्र पर ले जाकर वेक्सीनेशन कराते हुये उन्हें कोरोना का सुरक्षा कवच दिलाया।

### मीना की दादी की तरही अच्छी दादी बनिये

कोरोना टीकाकरण कराने के लिए 78 वर्षीय दादी अपनी नेत्रों से दिव्यांग पोती को लेकर टीकाकरण केन्द्र पहुंची और उल्लास व उत्साह के साथ दादी और पोती दोनों ने टीका लगवाया। यह वाक्या है कोविड-19 टीकाकरण केन्द्र जुहला का। जहां वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत सोमवार को टीकाकरण किया जा रहा था। इस दौरान जुहला ग्राम निवासी 78 वर्षीय श्यामकली टीकाकरण केन्द्र पहुंचीं। उनके साथ नेत्रों से दिव्यांग उनकी पोती मीना भी साथ में थी। सबसे पहले दादी ने अपनी पोती मीना को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये प्रभावी कोविड टीके का पहला डोज लगवाया। वहीं उसके बाद खुद भी अपना टीकाकरण कराया।



### उत्साह के साथ जिंदगी की डोज लगवाने पहुंचा बहुदिव्यांग अजय

जुहली निवासी बहुदिव्यांग अजय सिंह ने नजदीकी टीकाकरण केन्द्र जुहला में पहुंचकर कोविड-19 का टीका लगवाया। अजय सिंह ने बताया कि यह उनका पहला टीका था। पहले उनके मन में संशय था, लेकिन आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और इस अभियान के लिये प्रेरक के लिये नियुक्त किये गये जनपद सदस्य मोहित पाठक ने उन्हें आकर प्रेरित किया। उनके मन में व्याप्त भ्रांतियों का निदान किया। अजय ने बताया कि जब मेरे मन के सारे संशय खत्म हो गये, तो मैने डिसाईड किया कि मुझे टीका लगवाना है। इसलिये आज पहली फुरसत में ही मैं टीका लगवाने आया हूं। टीका लगवाने के बाद मुझे किसी भी तरह की कोई भी समस्या नहीं है। मुझे खुशी है कि मैने आज अपने लिये, अपने परिवार के लिये कोरोना से लड़ाई के विरुद्ध अपना सुरक्षा कवच पाया है। मैने यह भी संकल्प लिया है कि मैं निर्धारित समयावधि में कोरोना का दूसरा टीका भी लगवाउंगा और अपने आस-पड़ोस के लोगों को प्रेरित भी करुंगा।



### पूरे परिवार के सदस्यों ने निभाई अपनी जिम्मेदारी

कोविड संक्रमण से बचाव के लिये सोमवार 21 जून से प्रारंभ हुये वेक्सीनेशन महा-अभियान में मिशन चौक निवासी स्वः फिरोज अहमद के पुत्र दानिश अहमद ने जागरूकता का परिचय देते हुए अपने परिवार के सभी सदस्यों का टीकाकरण कराया है। वेक्सीनेशन के लिये सरफराज अहमद, अजरा शाहीन, शबनम अहमद, रूही अहमद, सबा अहमद, नावेद अहमद, कैफएवं आदिल अहमद ने आदर्श टीकाकरण केन्द्र के.सी.एस स्कूल पहुंचकर सभी को कोविड-19 का टीकाकरण कराकर लोगों से भी टीकाकरण कराने की अपील की।

### बिटिया अनंता अपने पापा को लेकर पहुंची वेक्सीनेशन सेन्टर

समाज में बेटियों का मान सम्मान के साथ विशेष स्थान है। बेटियां अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन बहुत ही निष्ठा से करती हैं। अपने परिवार की रक्षा, सुरक्षा का उन्हें हमेशा भान रहता है। ऐसी ही एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन शहर की बेटी अनंता ने किया। बिटिया अनंता अपने पिता को लेकर कोरोना टीकाकरण केन्द्र पहुंची। साथ ही उत्साह और उल्लास के साथ अपने पिता को कोरोना जैसी संक्रामक बीमारी के प्रभाव से बचाने वाली वेक्सीन का डोज लगवाया। काबिलेगौर है कि सोमवार से जिले में कोरोना वेक्सीनेशन महा-अभियान चल रहा है। जिसके मद्देनजर सम्पूर्ण जिले में वृहद् स्तर पर कोविड वेक्सीनेशन किया जा रहा है। अनंता के पिता अनुराग श्रीवास्तव ने भी शासन द्वारा कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये व्यापक स्तर पर प्रारंभ किये गये वेक्सीनेशन महा-अभियान की सराहना की। उन्होने कहा कि यह सार्थक और महत्वपूर्ण कदम है। मैने अपना वेक्सीनेशन कराया है। मुझे कोई समस्या नहीं हुई। यह अच्छी पहल है।



### न्यायालय अपर कलेक्टर/विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी, म.प्र.

क्रमांक/195/प्रवा. वि.अधि./2021 — कटनी दिनांक 17/06/2021

**द्वितीय अनुसूची (धारा 5 देखिये)**

**विवाह रजिस्ट्रेशन की सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है आवेदक श्री रोहित बर्मन पिता श्री मोनी बर्मन (अविवाहित) उम्र लगभग 25 वर्ष (जन्मतिथि 06.04.1996) निवासी ग्राम गुटरिया पोस्ट हरदुआ तहसील व जिला पन्ना म.प्र. 488482 वर्तमान पता मकान नं. 59 नेहरू वार्ड नेपाली मोहल्ला इंदिरा ज्योति कालोनी जिला कटनी एवं आवेदिका सीता बर्मन पिता श्री भगवानदास बर्मन (अविवाहित) उम्र लगभग 22 वर्ष, (जन्मतिथि 26.07.1999) निवासी मकान नं. 59 नेहरू वार्ड, नेपाली मोहल्ला इंदिरा ज्योति कालोनी जिला कटनी द्वारा विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने बावत आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क 50/ रूपये चालान क्रमांक 07 दिनांक **23.03.2021** को भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा कटनी में जमा कर चालान की मूल प्रति एवं आधार कार्ड, अंक सूची सहित समक्ष में उपस्थित होकर विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त आवेदन पर आवेदक/आवेदिका का विवाह रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1984 की धारा-5 तहत विवाह रजिस्ट्रेशन होना आशियत है। यदि इस विवाह रजिस्ट्रेशन में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/ एतराज/दावा हो तो इश्तहार जारी दिनांक से 30 दिवस के भीतर अथवा पेशी दिनांक **21.07.21** को पूर्वान्ह तक स्वयं या अपने अभिभाषक/प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक को इस न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-कटनी म.प्र.**
**आगामी तिथि 21.07.2021**

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**
**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**
**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**
**मो. 8109417340**

### खेती भूमि की नीलामी की सूचना

उमरियापान के समीप शासकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय भटगवां में लगी खेती की जमीन करीब 5 एकड़ की नीलामी दिनांक 30 जून 2021 को समय 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्यालय परिसर में बोली लगाई जा सकती है। जिसकी शर्तें निम्नानसार हैं-**1.** भूमि 30 जून 2021 से 30 जून 2022 तक के लिए मान्य होगी इसके बाद स्वमेव समाप्त मानी जावेगी। **2.** बोली की राशि बोली खत्म होने के बाद तुरंत जमा करनी होगी। **3.** बोली की राशि जमा न कर पाने पर या असमर्थता जाहिर करने की स्थिति में दूसरे नंबर पर रहने वाले किसान को दे दी जावेगी। **4.** यह भूमि 1 नाम से दो बार तक ही ली जा सकती है, तीसरी बार के लिए दूसरे नाम से ही बोली लगानी होगी। **5.** बोली लगाने वाले व्यक्ति को 500/- रुपए जमानत राशि के रूप में पहले ही जमा करना अनिवार्य है। **6.** नीलामी का अधिकार एवं नियम शर्तें शाला प्रबंधन समिति भटगवां अध्यक्ष और सचिव के पास होगा।

**राजकुमार यादव**
**अध्यक्ष, शाला प्रबंधन समिति भटगवां**
**नागेंद्र सिंह, सचिव**
**शाला प्रबंधन समिति भटगवां**

### कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्र./1304/ज.प्र.वि./2021-22 — कटनी, दिनांक 18/06/2021

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

नगरपालिक निगम कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें https://www.mptenders.gov.in पर Key Date & Time अनुसार पंजीकृत फर्मों से लम्पसम दर पर आमंत्रित की जाती है। समस्त शर्तें व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में नगरपालिक निगम कटनी में अथवा पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) | अमानत राशि (राशि रुपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपये में) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पेयजल सप्लाई हेतु ट्रेक्टर-टैंकर (क्षमता : 4000-5000 लीटर) ड्राईवर सहित किराए से लिए जाने बावत् | 10.00 | 10,000/- | 2,000.00 | 3 दिवस |

निविदा का शेड्यूड निम्नानुसार है -
(1) निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 21/06/2021 को सायंकाल 5.30 से। (2) निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28/06/2021 को सायंकाल 5.30 तक। (3) बिड खोलने की तिथि 30/06/2021 को दोपहर 1.00 बजे से।

**कार्यपालन यंत्री, वास्ते- आयुक्त नगरपालिक निगम, कटनी**

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

**विशेषतायें**

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# ऑनलाइन परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों की हर 30 सेकंड में ली फोटो

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि (आरजीपीवी) की मंगलवार से बीटेक, बीफार्मा सहित अन्य कोर्सेस की सातवें और आठवें सेमेस्टर की ऑनलाइन परीक्षाएं शुरू हुईं। इन परीक्षाओं में 24 हजार 308 विद्यार्थियों को शामिल होना था, लेकिन 24 हजार 57 विद्यार्थी शामिल हुए। इसमें से ऐसे कई विद्यार्थी थे जिन्हें आइडी पासवर्ड देने के बाद भी नेटवर्क न मिलने के कारण लॉगिन नहीं हो सके, इसलिए वे सुबह की पाली की परीक्षा नहीं दे पाए। आरजीपीवी प्रबंधन का कहना है कि कुछ विद्यार्थी ग्रामीण क्षेत्र में रहते हैं। इस कारण नेटवर्क न मिलने के कारण वे ऑनलाइन परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए। विवि द्वारा सॉफ्टवेयर के माध्यम से विद्यार्थियों का प्रश्नपत्र हल करने के दौरान हर 30 सेकंड में फोटो खींचा गया, ताकि वे नकल न कर सकें या किसी दूसरे को बैठाकर परीक्षा न दे सकें।

### व्यवस्थाओं की पोल खुली, 50 प्रश्न ही खुल पाए

इधर, फार्म जमा नहीं होने के कारण करीब तीन हजार विद्यार्थी परीक्षाओं से वंचित रहेंगे। विवि प्रबंधन ने यह इंतजाम किया था कि संसाधन मौजूद नहीं होने पर विद्यार्थी आरजीपीवी से संबद्धता प्राप्त किसी भी कॉलेज में पहुंचकर ऑनलाइन परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। यह परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक चली। दूसरी पाली दोपहर दो से चार बजे तक चली। इसके बाद अंतिम पाली शाम पांच से सात बजे तक आयोजित की गई।




ऑनलाइन परीक्षा के पहले दिन ही आरजीपीवी की व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। 60-60 प्रश्नों के पेपर में अनेक विद्यार्थियों के पास 40 से 50 प्रश्न ही खुल सके। वहीं विद्यार्थी आटो सबमिशन के कारण भ्रमित हुए हैं, क्योंकि उनके पास पेपर सबमिट होने की रिपोर्ट नहीं मिल सकी है। तीन पाली में होने वाली परीक्षा में विद्यार्थियों को आधा-आधा घंटे विलंब से लॉगिन हुआ है।

विवि ने 250 प्रश्न बैंक बनाए थे। इसमें से किसी को अगर साठ प्रश्न नहीं मिले हैं, तो वह विवि में आवेदन दे सकता है। साथ ही नेटवर्क न मिलने के कारण कुछ विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए। उनके लिए दोबारा परीक्षा लिए जाने का निर्णय किया जाएगा।

**- प्रभात पटेल, परीक्षा नियंत्रक, आरजीपीवी**

# भोपाल से बंद हो चुकी उड़ानें फिर शुरू होंगी, बढ़ रहे हैं यात्री



**भोपाल।** कोरोना संकट के कारण भोपाल से बंद हो चुकी उड़ानें धीरे-धीरे फिर से शुरू होंगी। अगले दो माह में एयर ट्रैफिक पूरी तरह सामान्य होने की उम्मीद है। यात्रियों की संख्या बढ़ने लगी है। कोरोना संकट के कारण हवाई यातायात 80 फीसद तक कम हो गया था। संकट से पहले भोपाल से 15 जोड़ी उड़ानों का संचालन हो रहा था। अप्रैल-मई माह में कई बार ऐसे अवसर आए जब एक भी उड़ान का संचालन नहीं हुआ। वर्तमान में औसत पांच उड़ानों का संचालन हो रहा है। जुलाई माह में दिल्ली, मुंबई रूट पर उड़ानें बढ़ जाएंगी। इंडिगो ने अपनी बंगलुरू उड़ान दो जुलाई से शुरू करने की तैयारी की है। यह उड़ान शनिवार को छोड़कर सप्ताह के बाकी छह दिन संचालित होगी। उड़ान संख्या 6-ई 575 भोपाल से शाम सात बजे रवाना होकर रात्रि 9.05 बजे बंगलुरू पहुंचेगी।

### एयर इंडिया की पुणे उड़ान एक अगस्त से

एयर इंडिया अपनी पुणे उड़ानें को एक अगस्त से फिर शुरू कर रहा है। कंपनी ने इसकी बुकिंग भी प्रारंभ कर दी है। उड़ान संख्या एआई 481 भोपाल से सुबह 10.45 बजे टेकऑफ होगी। दोपहर 12.45 बजे पुणे पहुंचेगी। जुलाई के अंत तक एयर इंडिया दिल्ली, मुंबई रूट पर अतिरिक्त उड़ान शुरू कर सकता है। इंडिगो की अहमदाबाद, आगरा, लखनऊ एवं कोलकात्ता उड़ान अगस्त माह तक शुरू हो सकती है।

### यात्री बढ़ रहे हैं, उड़ानें भी बढ़ जाएंगी

कोरोना संकट और कुछ शहरों में तरह-तरह की औपचारिकताओं के कारण यात्री कम हो गए थे। अब यात्रियों की औसत संख्या एक हजार से अधिक हो गई है। अगले माह उड़ानें भी बढ़ेंगी। यात्री भी बढ़ेंगे। एयरलाइंस कंपनियों को हम अपनी तरफ से हर संभव सुविधाएं देने को तैयार हैं।

**- केएल अग्रवाल, एयरपोर्ट डायरेक्टर**

## सेंटिग प्लेट चोरी कर रहे युवकों से झूमाझटकी के दौरान सुरक्षाकर्मी की बंदूक से चली गोली, एक घायल

**भोपाल।** कमला नगर थाना क्षेत्र में स्थित गंगा नगर में एक निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत से सोमवार रात तीन युवक सेंटिंग प्लेट चोरी कर ले जा रहे थे। यह देख सुरक्षाकर्मी ने विरोध किया तो आरोपित उसके साथ मारपीट, झूमाझटकी करने लगे। इस दौरान गार्ड से बंदूक गिरी और गोली चल गई। गोली के छर्रे एक युवक के दोनों पंजे में लगे। उसका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने सुरक्षाकर्मी के खिलाफ उतावलेपन में किया गया कार्य धारा 336 और सुरक्षाकर्मी की तरफ से भी केस दर्ज किया गया है।

# जुलाई में होगा अन्न उत्सव

## हर गरीब को दिया जाएगा मुफ्त राशन



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में जुलाई में अन्न उत्सव मनाया जाएगा। इसमें हर गरीब को मुफ्त राशन दिया जाएगा । सहकारिता और लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने कहा है कि अन्न उत्सव में हर गरीब को मुफ्त राशन सामग्री दी जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए जुलाई माह में पात्र परिवारों को अन्न उत्सव में आमंत्रित कर मुफ्त राशन देने की तैयारी सुनिश्चित की जाए। मालूम हो, कोरोना महामारी के चलते लाखों परिवारों को स्व-सत्यापित प्रमाण-पत्र के आधार पर मुफ्त राशन दिया जा रहा है। महामारी में पांच माह का राशन निश्शुल्क दिया जा रहा है। 10 जुलाई को अन्न उत्सव आयोजित कर पात्र परिवारों को राशन किट वितरित की जाएगी। इससे करीब पांच करोड़ हितग्राही लाभान्वित होंगे। उत्सव के दौरान प्रदेश की लगभग 25 हजार राशन दुकानों से राशन वितरण किया जाएगा। अन्न् उत्सव की समीक्षा के लिए मंत्रालय में आयोजित बैठक में सिंह और भदौरिया ने अधिकारियों को समय-सीमा में तैयारियों के संबंध में निर्देशित किया। मंत्री सिंह ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत एक करोड़ 12 लाख परिवारों के चार करोड़ 81 लाख सदस्यों को निश्शुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। इस दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जनता को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर उपभोक्ताओं को राशन आकर्षक थैले में भरकर प्रदान किया जाएगा।

# देश की पावर हाउस परियोजनाओं के लिए उपकरण तैयार कर रहा भेल




**भोपाल।** देश की महारत्न कंपनियों में शुमार भारत हेवी इलेक?ट्रिकल?स लिमिटेड (भेल) अलग-अलग शहरों में पावर हाउस परियोजनाओं के लिए काम कर रही है। भेल की मदर यूनिट भोपाल इन परियोजनाओं का काम पूरा करने के लिए अहम भूमिका निभा रही है। साथ ही बेंगलुरु, हैदराबाद, त्रिची, झांसी सहित भेल की सभी 17 इकाइयां अलग-अलग उपकरण् बनाकर परियोजनाओं को पूरा करने में अहम योगदान दे रही हैं। ट्रांसफार्मर, टरबाइन, सोलर पैनल सहित रक्षा संबंधी उपकरणों को भी भेल निर्मित कर रहा है। हाल ही में भेल भोपाल के हाइड्रो डिवीजन ने सरदार सरोवर कैनाल हेड पावर हाउस परियोजना की यूनिट एक के लिए 15 दिनों के रिकॉर्ड समय में कपलान रनर (व्यास 4700 मिमी और वजन 54 टन) की सफलतापूर्वक मरम्मत की है। मरम्मत में नए रनर ब्लेड की असेंबली, टूटे लीवर तथा सभी सील और महत्वपूर्ण हार्डवेयर को बदलना शामिल था। कपलान रनर को सख्त गुणवत्ता मानकों के तहत असेंबल और परीक्षण किया गया था। संपूर्ण रुप से तैयार इस रनर को हाल में परियोजना स?थल पर पहुंचा दिया गया है।

गौरतलब है कि सरदार सरोवर कैनाल हेड पावर हाउस परियोजना में 50 मेगावाट वर्टिकल कपलान मशीनों की पांच इकाइयां शामिल हैं। इन उपकरणों की आपूर्ति भेल भोपाल द्वारा की गई थी और अगस्त से दिसंबर 2004 के बीच इसे कमीशन किया गया था। भेल के प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ल ने बताया कि देश की उन्नति में भेल का अहम योगदान है। भेल जिन उपकरणों का उत्पादन करता है, उनकी गुणवत्ता का खास ध्यान रखता है। ऑर्डर मिलने के बाद समय पर काम पूरा करना और साइट पर पहुंचाने का काम भेल के अधिकारियों/कर्मचारियों की एकजुटता व समयबद्ध तरीके से पूरी ईमानदारी से कार्य करने की वजह से संभव हो रहा है।

# रूपे प्लेटफॉर्म पर आईडीबीआई द्वारा संचालित एलआईसी गिफ्ट कार्ड - शगुन का शुभारंभ




011-28844288

**जबलपुर।** उपहार देना हमारे समाज का सबसे प्रमुख सामाजिक लोकाचार और सामाजिक आयोजनों में से एक है। उपहार देने को अधिक व्यक्तिगत और समृद्ध अनुभव बनाने के लिए, एलआईसी कार्ड्स सर्विसेज लिमिटेड (एलआईसी सीएसएल) ने रुपे प्लेटफॉर्म पर आईडीबीआई बैंक के सहयोग से एक संपर्क रहित प्रीपेड गिफ्ट कार्ड - शगुन लॉन्च किया है। इस कार्ड का उद्देश्य भविष्य में कैश मार्केट को प्लास्टिक मार्केट और ई-गिफ्ट कार्ड से बदलकर गिफ्ट कार्ड बाजार का विस्तार करना और डिजिटल इंडिया में योगदान देना है। एलआईसी गिफ्ट कार्ड - आईडीबीआई बैंक द्वारा संचालित शगुन को एम आर कुमार, अध्यक्ष, एलआईसी ऑफ इंडिया ने एलआईसी के प्रबंध निदेशक और एलआईसी सीएसएल के मुख्य कार्यकारी की उपस्थिति में लॉन्च किया । इस अवसर पर श्री राकेश शर्मा, एमडी और सीईओ, आईडीबीआई बैंक और श्री दिलीप अस्बे, एमडी और सीईओ, एनपीसीआई सहित उनकी टीम के सदस्य भी उपस्थित थे। राकेश कुमार, मुख्य कार्यकारी, एलआईसी सीएसएल ने शगुन गिफ्ट कार्ड की कुछ विशेषताओं को बताया जो इस प्रकार हैं - कार्ड उपहार देने के लिए तैयार पैकिंग में आता है, इसमें प्राप्तकर्ता के लिए व्यक्तिगत संदेश लिखने हेतु के लिए जगह है। 3 साल की वैधता के साथ, कार्ड 500 रुपये और 10,000 रुपये के बीच किसी भी राशि के लचीले लोडिंग विकल्पों के साथ उपलब्ध है। भारत में लाखों मर्चेंट आउटलेट्स और ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर इसकी व्यापक स्वीकार्यता है। उपयोगकर्ताओं को विभिन्न व्यापारिक स्थानों पर खरीदारी करने और ऑनलाइन खरीदारी करने की स्वतंत्रता मिलती है। 5 हजार रुपये तक की खरीदारी के लिए पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) टर्मिनल पर संपर्क रहित लेनदेन की अनुमति है। कार्ड एक सुविधा संपन्न मोबाइल ऐप एम-पासबुक से ऑटो-लिंक हो जाता है, जिससे लेन-देन इतिहास, कार्ड बैलेंस आदि की रीयल-टाइम एक्सेस मिलती है। ग्राहक की किसी भी शिकायत के लिए समर्पित इन-हाउस ग्राहक सहायता टीम 24×7 उपलब्ध है। वर्तमान में, रुपे प्लेटफॉर्म पर आईडीबीआई बैंक द्वारा संचालित एलआईसी गिफ्ट कार्ड शगुन एलआईसी और उसकी सहायक कंपनियों/सहयोगियों की आंतरिक खपत के लिए शुरू किया गया है। आने वाले महीनों में, यह कार्ड उपहार देने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर जनता द्वारा खरीद के लिए उपलब्ध होगा। एलआईसी की योजना अपने व्यापक वितरण चैनल का उपयोग कर इसे सभी भौगोलिक स्थानों पर बड़े पैमाने पर जनता के लिए उपलब्ध कराने की है। किसी भी जानकारी के लिए मुख्य कार्यकारी, एलआईसी सीएसएल, फोन- 011-28844288 अथवा ईमेल आईडी - lic-creditcard@licindia.com पर संपर्क किया जा सकता है।

# बाजारों में भीड़ के साथ लापरवाही भी बढ़ी, संक्रमण फैलने का डर



**भोपाल ।** कोरोना महामारी की दूसरी लहर की भयावहता का गवाह बना शहर कोरोना संक्रमण के खतरे के प्रति एक बार फिर लापरवाह होने लगा है। विशेषकर पुराने शहर के बाजारों में न तो तय शारीरिक दूरी का पालन हो पा रहा है, न ही लोग अनिवार्य रूप से मास्क लगा रहे हैं। यदि हालात नहीं सुधरे तो एक बार फिर संक्रमण फैलने से इंकार नहीं किया जा सकता। लॉकडाउन खुलने के एक-दो दिन तक शहर के बाजारों में प्रशासन की सख्ती नजर आई थी। इसके बाद बाजार फिर पुराने ढर्रे पर चल पड़े हैं। मंगलवारा, मारवाड़ी रोड, आजाद मार्केट, जुमेराती, सिंधी मार्केट, हनुमानगंज, पुराना कबाड़खाना, लखेरापुरा, इब्राहिमपुरा, चौक बाजार आदि में दुकानें खुलते ही चहल-पहल बढ़ना शुरू हो जाती है। शाम के वक्त कोविड गाइडलाइन के नियम धरे रह जाते हैं। विशेषकर इन सघन बाजारों में पार्किंग का इंतजाम न होने और अतिक्रमण के कारण तय शारीरिक दूरी का पालन कहीं नजर नहीं आता। निगरानी नहीं होने के कारण मास्क लगाने के प्रति भी लोग लापरवाह नजर आते हैं। भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के महासचिव अनुपम अग्रवाल कहते हैं कि कोरोना संक्रमण का खतरा अभी टला नहीं है। यह बात लोगों को लगातार बताई जा रही है। इसके बाद भी ग्राहक लापरवाही कर रहे हैं। दरअसल पुराने शहर के बाजारों की सड़कें संकरी हैं। व्यवस्थित पार्किंग नहीं है। इससे अक्सर जाम की स्थिति भी बनती है। ऐसी स्थिति में तय शारीरिक दूरी के मापदंड का पालन होना संभव नहीं दिख रहा।

### वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित हो

अनुपम अग्रवाल के मुताबिक बाजारों में बैरिकेड्स लगाकर सिर्फ जरूरतमंद लोगों के वाहनों को ही बाजारों में प्रवेश दिया जाना चाहिए। अनावश्यक रूप से बाजार में आने- ले वाहनों के कारण सड़कों पर जाम की स्थिति बनती है। इससे पैदल चलने वाले लोगों को भी परेशानी होती है। महासंघ ने व्यापारियों से भी अपील की है कि वे बिना मास्क पहने आए ग्राहकों से लेन-देन न करें। सराफा व्यापारी दिनेश अग्रवाल दादा भाई ने बताया कि चौक बाजार की सड़कें इतनी संकरी हैं कि चार पहिया वाहन प्रवेश नहीं कर पाते। पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण व्यापारी, दुकान के कर्मचारी और ग्राहकों के दोपहिया वाहन सड़क किनारे खड़े किए जाते हैं। इससे अव्यवस्था फैल रही है।



# कोरोना-मुक्त की कामना से कृष्णागिरी में होने वाले महायज्ञ के लिए भोपाल से जाएगी अनुष्ठान सामग्री

**भोपाल।** देश-दुनिया पर आई कोरोना महामारी आपदा के निवारण के लिए जन-कल्याण की पुनीत भावना के साथ तमिलनाडु के कृष्णागिरी में सदी के सबसे बड़े महायज्ञ का आयोजन 14 जुलाई से 23 जुलाई तक रखा गया है। पिछले एक वर्ष से अपना देश घोर विपत्तियों का सामना कर रहा है और अब इन विपत्तियों ने विकराल रूप धारण कर लिया है। इनसे मुक्ति के लिए सरकार से लेकर आम जनता सभी लोग प्रयास कर रहे हैं। हम सभी चाहते है कि देश समृद्ध, सुरक्षित और स्वस्थ बने, देश के वातावरण में फैली अशुद्धियां समाप्त हो और भारतवासी शांति से अपना जीवन-यापन कर सके। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु राष्ट्रसंत वसंत विजय जी महाराज के पावन सान्निध्य में श्री विश्वशांति एवं महालक्ष्मी कुबेर अर्थ धर्म समृद्धि कलश अनुष्ठान किया जा रहा है। श्री कृष्णागिरी पार्श्व पद्मावती सेवा मंडल भोपाल के अनिल लुणावत ने बताया की जनभागीदारी से होने वाले इस इस महायज्ञ में लगभग 10 हजार किलो सफेद चन्दन, लाल चन्दन, पीला चन्दन, 50 किलो से अधिक केसर, देवदारु, अगर, तगर, आम्र की लकड़ियां, 10 हजार किलो विभिन्न औषधियां और ङो हजार किलो गाय का शुद्ध देसी घी की आहुतियां दी जाएंगी। इस महाअनुष्ठान में भोपाल से अनुष्ठान सामग्री के साथ सैकड़ों की संख्या में भक्त भी पहुंचेंगे। चेन्नई से 265 एवं बेंगलुरु से 90 किलोमीटर दूरी पर स्थित मां पद्मावती की दिव्य कृपा एवं ऊर्जा से ओत-प्रोत श्री पार्श्व पद्मावती शक्तिपीठ तीर्थधाम पर 40,000 वर्गफुट के विशाल यज्ञमंडप में 108 प्रकाण्ड पण्डित द्वारा यह महाअनुष्ठान संपन्?न किया जाएगा। जीवन को सुख, समृद्ध, स्वास्थ्य और सुरक्षा से भरने के लिए अति विशाल माँ महालक्ष्मी जी की प्रतिमा के समक्ष पीतल के पान व नारियल युक्त पीतल के बने छह लीटर के 5000 कुंभ अभिमंत्रित किए जाएंगे। घर को स्वर्ग बनाने वाले इन दिव्य कलशों को महालक्ष्मी कुबेर मंत्रों से एक करोड़ कुमकुम पूजन, 10 लाख हवन आहुतियों और 25 लाख धन्वंतरि कुबेर जाप के साथ सिद्ध किया जाएगा। इन दिव्य कलशों में 170 दुर्लभ औषधियां, विभिन्न इत्र, नवरत्न, 32 प्रकार के उपरत्न, 32 प्रकार के हीलिंग जेमस्टोन्स और भारत के 106 वैष्णव दिव्य क्षेत्र, जहाँ भगवान नारायण और मां लक्ष्मी प्रत्यक्ष विराजमान हैं, ऐसे तीर्थों में लक्ष्मी मां के चरणों में पूजित अभिमंत्रित अति-विशिष्ट कुंकुम को सभी कलशों में भरा जाएगा।

# निगम कार्यालय पहुंचे पूर्व सीएम व सांसद दिग्विजय सिंह, स्ट्रीट वेंडर योजना में गड़बड़ी का लगाया आरोप



**भोपाल ।** नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को प्रदेश के पूर्व सीएम व राज्य सभा सांसद दिग्विजय सिंह पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्ट्रीट वेंडर योजना से जुड़ी समस्याओं से नगर निगम आयुक्त को अवगत करवाया। करीब 12 बजे अचानक पहुंचकर उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों के सामने इस पोर्टल को खुलवाया। पोर्टल नहीं खुला। इस पर उन्होंने आरोप लगाया कि स्ट्रीट वेंडर योजना में बड़ी गड़बड़ चल रही है। नए रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहे है। वहीं दूसरी ओर गुमठी-ठेलों का बड़े स्तर पर धंधा चल रहा है। प्रभावी लोगों ने रजिस्ट्रेशन करा रखे है, जो घर बैठकर वसूली कर रहे है। वहीं जिनका हक है वह किराया दें रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब दुकानदार 100 रुपये कमाता है तो 60 रुपये प्रभावी लोग ही वसूल लेते है। इसे बिल्कुल नहीं चलने देंगे। डी-मार्ट के पास हाकर्स कार्नर के लिए 150 आवेदन आ चुके है और वहां जगह कम पड़ गई है। इसके चलते वहां लॉटरी सिस्टम लागू किया जाए, क्योकि यहां कई लोग बिना लायसेंस के बैठे हुए है। इस दौरान उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने नगरीय निकायों में खर्च करने के लिए जो राशि तय की है उसमें कांग्रेस के विधायकों की राशि काटकर भाजपा के विधायकों को दे दी गई है। इस पर आपत्ति भी जताई है। इस दौरान उन्होंने नगर निगम कमिश्नर से काफी देर चर्चा की। समस्याओं को जल्द दूर करने की मांग की और तीन महीने बाद दोबारा कार्यालय आकर बात करने की बात भी कही। उन्होंने योजना में वसूले जा रहे अधिक ब्याज को लेकर भी आपत्ति जताई है।

नगर निगम ने रॉयल मार्केट में तोड़े 10 गोदाम, पांच मकान भी टूटेंगे

इधर, नगर निगम ने रॉयल मार्केट क्षेत्र में मंगलवार को जिला प्रशासन एवं नगर निगम के अमले ने 10 गोदाम तोड़ने की कार्रवाई की, वहीं पांच मकान भी तोड़े जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि ये गोदाम और मकान अवैध तरीके से यहां बने हुए है। जिसे हटाने के लिए तहसीलदार ने एक साल पहले ही आदेश जारी कर दिए थे। बता दें कि ये दुकानें रॉयल मार्केट में नर्मदा स्वीट्स के पास बने हुए थे। इस दौरान कार्रवाई का विरोध जताया। उनका कहना था कि बारिश के समय यह कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए थी।

# हमीदिया में आधुनिक अल्ट्रासोनिक बोन स्केलपल मशीन से दो मरीजों की रीढ़ का सफल ऑपरेशन

**भोपाल ।** हमीदिया अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने मंगलवार आधुनिक अल्ट्रासोनिक बोन स्केलपल मशीन से दो मरीजों के रीढ़ की हड्डी का सफल ऑपरेशन किया है। आमतौर पर साधारण पद्धति से ऑपरेशन करने पर नसों के कटने का खतरा रहता है। समय भी ज्यादा लगता है। नसें कटने से मरीज को लकवा हो सकता है, पैरों व कमर से जुड़ी बीमारियां हो सकती है। यह मशीन केवल रीढ़ की हड्डी को ही काटती है, नसों को नहीं काटती। इससे मरीज भी जल्दी ठीक हो सकेंगे। मशीन की कीमत 37 लाख रुपये है। इसको लेकर दावा किया जाता है कि मध्य भारत में इस तरह की मशीन केवल गांधी मेडिकल के पास ही है।





# स्वीकृत ले आउट अनुसार बनाई जाए नाली व सड़क

**रोशननगर के लोगों ने नगर निगम आयुक्त को दिया ज्ञापन**

**कटनी।** श्रीराम जानकी हनुमान वार्ड रोशन नगर में स्वीकृत ले आउट के विपरीत किये जा रहे गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण की जांच कर सेंट अब्राहम स्कूल तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने बाबत वार्ड के नागरिकों ने आयुक्त को पुनः ज्ञापन दिया है। विदित हो कि पूर्व में भी रोशन नगर राम जानकी हनुमान वार्ड 18 में शारदा मंदिर की तरफकिये जा रहे नाली और सड़क का निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत की गई थी। उपरोक्त कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है लेकिन इतनी शिकायत किये जाने के बाद भी नगर निगम के आयुक्त और अधिकारियों ने स्थल का मुआयना नही किया जो इस बात का परिचायक है कि नगर निगम में ठेकेदार कितनी पैठ रखते है और उन्हें अधिकारियों ने भृष्टाचार करने की खुली छूट दे रखी है। जिन ठेकेदारों को नाली और सड़क निर्माण का ठेका दिया गया है उनके द्वारा मन माफिक तरीके से स्वीकृत ले आउट के विपरीत गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य करते हुए बेतरतीब नाली और सड़क का निर्माण किया जा रहा है ठेकेदारों से निवेदन करके सही ले.आउट से नाली और सड़क बनाने की अपील नागरिकों द्वारा अनेकों बार की गई अपितु ठेकेदारों द्वारा संतोषजनक कदम नही उठाया गया और शिकायकर्ता नागरिकों से कहा गया कि तुम्हारे घर के सामने सड़क निर्माण नही करेंगे चाहे जिससे शिकायत करना है कर दो। हम क्षेत्रीय ठेकेदार है और हमारा कोई भी अधिकारी व पार्षद कुछ नही बिगाड़ सकता जिस तरह से नाली व सड़क का निर्माण किया गया है वो बेहद ही दोषपूर्ण है इससे सड़क बनाने वाले ठेकेदार द्वारा लगभग 40 फिट सड़क को बिना निर्माण के ही बीच में छोड़ दिया गया है जो कि सूर्यनारायण तिवारी जी के घर तक आनी चाहिए थी साथ ही सेंट अब्राहम के बाजू वाली प्रस्तावित गली में मुरुम का ढेर लगा दिया गया है जिससे आवागमन बारिश में दयनीय हो जाएगा। उन्होंने नगर निगम आयुक्त से निवेदन किया है कि सेंट अब्राहम स्कूल रोशन नगर राम जानकी हनुमान वार्ड नंबर 18 में शारदा मंदिर से आने वाली सड़क को सेंट अब्राहम वाली गली से जोड़ दिया जाएए ताकि रहवासियों को सुगम रास्ता मिल सके। स्थानीय निवासियों ने आयुक्त महोदय से तत्काल पूर्ण सड़क निर्माण की अपील की हैं। उन्होंने बताया कि इस ओर पहले भी वार्ड पार्षद का ध्यानाकर्षण किया गया अपितु कोई लाभ नही हुआ। उपरोक्त शिकायतकर्ताओं ने कहा है कि सड़क व नाली का निर्माण कार्य पूर्ण नही किया गया तो आने वाले समय में धरना प्रदर्शन कर प्रशासन को जगाने का प्रयास किया जाएगा।

# कैदी की आत्महत्या मामले में दो पर गिरी गाज

**जेल में निरुद्ध विचाराधीन बंदी की आत्महत्या का मामला**

कटनी। 22 जून मंगलवार को जिला जेल में निरुद्ध विचाराधीन बंदी राजकुमार पिता राधामोहन उर्फ हरिओम निवासी पलौंहा थाना रीठी ने गमछे से लटककर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में जिला जेल अधीक्षक ने बताया कि बंदी राजकुमार का न्यायालय मुदित लाटौरिया न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी कटनी के जारी वारंट दिनांक 19 जून 2021 को अपराध क्रमांक 447/20 धारा 8/2 एनडीपीएस एवं 5/13 ड्रग कंट्रोल अधि. के अंतर्गत 19 जून 2021 को जेल में प्रवेश हुआ था। जिसे कोरोना की रिपोर्ट आने तक पृथक कक्ष में रखा गया था। बंदी का प्रकरण विशेष न्यायाधीश कटनी के समक्ष विचाराधीन था तथा बंदी पूर्व में 27 दिसम्बर 2020 से 17 जून तक जेल में निरुद्ध था। जिसके बाद 17 जून 2021 को न्यायालय के आदेशानुसार 2 दिवस की अंतरिम जमानत पर रिहा हुआ था।

**वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का किया निरीक्षण**

22 जून को प्रातः 9.50 बजे उप अधीक्षक के भ्रमण के दौरान उनके द्वारा बंदी को पृथक कक्ष के बाहर टहलते देखा गया था। जिसके बाद 22 जून को ही प्रातः 9.50 बजे उप जेल अधीक्षक को सूचना प्राप्त हुई कि पृथक कक्ष में निरुद्ध बंदी पृथक कक्ष के गेट से गमछा से लटक कर आत्महत्या कर ली है। इस घटना की सूचना कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल जबलपुर, पुलिस अधीक्षक, जेल मुख्यालय भोपाल कंट्रोल रुम, अनुविभागीय दण्डाधिकारी, थाना प्रभारी माधवनगर को दूरभाष पर दी गई। इसके साथ ही जिला एवं सत्र न्यायाधीश को भी इसकी सूचना दी गई। घटना के संबंध में मर्ग कायम करने 22 जून को ही चौकी प्रभारी झिंझरी, थाना माधवनगर को पत्र लिखा गया। बंदी के परिजनों को सूचना देने के लिये थाना प्रभारी रीठी से भी संपर्क कर आवश्यक कार्यवाही की गई। जिसकी प्रति प्रमुख सचिव जेल, निज सचिव जेल मंत्री, सचिव राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली, सचिव मध्यप्रदेश मानवाधिकार आयोग भोपाल, महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवायें भोपाल, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सत्र न्यायाधीश कटनी, जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल जबलपुर को भी दी गई है। जिस पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश को पत्र के द्वारा घटना की न्यायिक जांच के लिये भी लिखा गया है। इस घटना की सूचना मिलने पर अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय दण्डाधिकारी, थाना प्रभारी माधवनगर एवं जेल चिकित्सक डॉ. राजेन्द्र ठाकुर द्वारा जेल पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। तत्परश्चात न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी द्वारा भी घटना स्थल का निरीक्षण कर बंदी के शव का पंचनामा कराया गया एवं शव को उतारा गया। बंदी के शव को पोस्टमार्टम के लिये चौकी झिंझरी थाना माधवनगर की सुपुर्दगी में दिया गया है। वहीं जेल महानिरीक्षक गोपाल ताम्रकार ने भी घटना स्थल का मुआयना किया, इसके साथ ही दोषी दो कर्मचारियों के विरुद्ध भी निलंबन की कार्यवाही की गई है।

# स्कूल से ड्रॉप आउट बच्चों पर रहेगा फोकस

**कटनी।** मंगलवार को जिले की बाल एवं कुमार श्रम की विमुक्ति हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे निर्देश दिये कि जिन स्थानों पर बाल श्रमिक पाए जाने की संभावना है वहाँ सघन निरीक्षण करें संबंधित विभागों के अधिकारी। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी कटनी को निर्देशित किया गया कि वे स्कूल से ड्रॉप आउट होने वाले बालक बालिकाओं की सूची प्रतिमाह श्रम विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग को उपलब्ध कराएं। श्री गोमे ने इस कार्य के लिये ब्लॉक स्तरीय समिति बनाने के भी निर्देश भी दिये। इस दौरान बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, आयुक्त नगर निगम सतेन्द्र धाकरे, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र अजय श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी, राज्य शिक्षा केन्द्र, जिला सशक्तिकरण अधिकारी, चाइल्ड लाइन के अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य, राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।



# पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक चोर

**एनकेजे पुलिस को मिली सफलता**

कटनी। एनकेजे थाना अंतर्गत जागृति कालोनी में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे रंगनाथनगर थाना अंतर्गत भीमराव चौक निवासी एक युवक की बीच रास्ते से मोटर सायकल चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटर सायकल भी बरामद कर ली गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रंगनाथनगर थाना अंतर्गत भीमराव चौक निवासी विशेष सिंह पिता राजेश सिंह बीती 18 जून की शाम एनकेजे थाना अंतर्गत जागृति कालोनी में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने अपनी हीरोहोन्डा स्पेलंडर मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.21एमबी-2089 से आया था। वापस लौटते समय एनकेजे देशी शराब दुकान के पास घबराहट होने व चक्कर आने पर विशेष सिंह सड़क किनारे मोटर सायकल खड़ी करके कुछ दूरी पर जाकर बैठ गया। इसीदौरान अज्ञात बदमाश उसकी मोटर सायकल लेकर चंपत हो गया। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। जिसमें पुलिस को सफलता मिल गई और चोरी की मोटर सायकल के साथ पुलिस ने प्रेमनगर क्षेत्र निवासी 25 वर्षीय जित्तू उर्फ आकाश सोनी पिता अशोक कुमार सोनी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने में एनकेजे थाना प्रभारी महेन्द्र कुमार मिश्रा, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र पाण्डेय, सतीश हल्दकार, आरक्षक चन्द्रेश सिंह, आरिफ हुसैन, लोटेश प्रजापति, प्रहलाद सिंह की भूमिका रही।

# रहवासी स्थलों, टीकाकरण केन्द्रों को किया सेनेटाईज



**कटनी।** कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में कोविड -19 संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण एवं नागरिकों की सुविधा हेतु निगम प्रशासन द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों सहित टीकाकरण केन्द्रों में सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल से सैनेटाईजेशन का कार्य किया जा रहा है। सेनेटाईजेशन प्रभारी अभिषेक बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि संक्रमण के प्रसार पर लगाम लगानें के उद्धेश्य से आज प्रातः शिवनगर गली नंबर 2 एवं 3 के विभिन्न स्थलों में, कुठला थाना परिसर वेंकट वार्ड शास्त्री कॉलानी, दुर्गा चौक खिरहनी आंगनबाडी केन्द्र, राहुल बाग, दुबे कॉलोनी खेर माता मंदिर रोड एवं त्रिपाठी जी वाले मार्ग, सिविल लाईन नालंदा स्कूल के पास, चौपाटी स्थित दीनदयाल रसोई केन्द्र सहित नगर के टीकाकरण केन्द्र में सुरक्षा की दृष्टि से सोडियम हाईपो क्लोराईड के घोल का छिड़काव कार्य कराया गया।

# पानी के लिए तरस रहे नागरिक, नगर निगम कर रहा टैक्स की वसूली

**नगर निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन, करों की वसूली पर रोक की मांग**



**कटनी।** मानवाधिकार आयोग के मित्र डॉ. देवनाथ ने नगर निगम आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर कहा है कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में प्रतिवर्ष भयंकर जलसंकट उत्पन्न होता है। इस वर्ष भी जल की किल्लत अन्य वर्षों की अपेक्षा जल संकट से पूरा जिला जूझ रहा है। कोरोना महामारी के चलते पिछले 18 माह से आम नागरिक काफी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, शैक्षणिक व्यवस्था तो पूरी तरह से चरमरा गया है। इस समय शहरवासी एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, जबकि नगर निगम द्वारा उच्च जल कर एवं उस पर चक्रवर्ती ब्याज जनता से वसूल किया जा रहा है, जिसमे जनता अपने आपको ठगा महसूस कर रही है। जल कर अदा करने के बाबजूद भी लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। जल प्रदाय विभाग द्वारा सप्ताह के दो दिन पानी सप्लाई की जा रही है, इसके बाद भी नगर निगम द्वारा पूरा जलकर वसूला जा रहा है, जो विधि विरूद्ध है। जल प्रदाय एक मूलभूत सुविधा के अंतर्गत आता है। जल बिना एक दिन भी रहना एवं काम चलाना असंभव है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि जल प्रदाय व्यवस्था सुचारू करने एवं जल कर में कटौती की जाए एवं चक्रवृद्धि ब्याज हमेशा की लिये समाप्त किया जाए। इस अवसर पर कटनी मानवाधिकार आयोग मित्र में डॉ. देवनाथ एवं प्रकाश जैन की उपस्थिति रही।

# केरिज वैगन विभाग एनकेजे में योग कार्यक्रम

**कटनी।** पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर मंडल के केरिज वैगन विभाग एनकेजे केआरओएच शेड में मंडल यांत्रिक इंजीनियर आरओएच एनकेजे अनुराग पांडेय के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सोशल डिस्टेंसिंग के साथ योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडल यांत्रिकी इंजीनियर आरओएच एनकेजे अनुराग पाण्डेय ने शेड के पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ प्रशासनिक भव की छत पर योग अभ्यास किया तथा सभी स्टाफ को व्यक्तिगत जीवन में योग के महत्व को समझाया एवं सभी स्टाफ को देनिक जीवन में योग को अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर एसीएमटी, ए.सी. साहनी, एस.एस.सी. जनरल, डीबी सिंह, एससी आरओएच, कमला यादव एवं अन्य सुपरवाइजर एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास अनवरत जारी

**मुख्य मार्गो सहित डिवाईडरों, नाले -नालियों की रोजाना कराई जा रही सफाई**







**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा दो पालियों की सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर के समस्त वार्डो के मुख्य एवं अन्य मार्गो सहित बाजार क्षेत्रों की सफाई का कार्य रोजाना कराया जा रहा है। नगर साफएवं संक्रमण मुक्त बना रहे इस हेतु डोर टू डोर कचरे के संग्रहरण का कार्य किया जाकर नागरिकों को गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग डस्टबिन में रखनें एवं अलग अलग ही कचरा वाहन में देने की अपील की जा रही है।

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में आज प्रातः निगम के स्वास्थ्य विभिाग के स्वच्छता दूतों द्वारा किये गए प्रयासों के तहत बस स्टेण्ड परिसर, घंटाघर परिसर, मिशन चौक मुख्य मार्ग, गुरूनानक वार्ड स्थित सोना बाझल गली, गोल बाजार की सार्वजनिक सडकों, गर्ग चौराहा की सफाई उपरान्त कचरे के उठाव, कावस जी वार्ड भीमराव चौक से विवेकानंद चौक, राजीव गांधी वार्ड के मुख्य मार्गो, कावसजी वार्ड शमशान भूमि रोड सहित नगर के अन्य मुख्य मार्गों बस स्टेंण्ड पेट्रोल पंप से पन्ना मोड तथा बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे तथा माधवनगर गेट के पास के डिवाईडरों की सफाई का कार्य कराया जाकर नगर को साफएवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए। वर्षा पूर्व नगर के बडे एवं छोटे नाले नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत बिरसा मुंडा वार्ड स्थित मिश्रा ट्रांसपोर्ट से बाबा ढावा नाला, महात्मा गांधी वार्ड तिलक राष्ट्रीय स्कूल के सामनें वाली बस्ती के नाले, गुरूनानक वार्ड स्थित सब्जी मंडी कॉम्प्लेक्स की नालियों, सिविल लाईन स्थित नालंदा स्कूल के सामनें नेहरू वार्ड स्थित नहरू वार्ड कटाएघाट मोड के बडे नाले एवं गौर जी के पास वाले नाला, कावस जी वार्ड में मोती ठेकेदार के मकान के पीछे वाली नालियों सहित नगर के अन्य स्थलों की नालियों की सफाई का कार्य कराया गया।

# विजय दुबे पंचतत्व में विलीन

**कटनी।** मप्र शिक्षक संघ के जिला संगठन मंत्री विजय दुबे का आकस्मिक निधन उनके गृहग्राम कटंगी खुर्द में हो गया। वे विगत दो वर्षों से कैंसर से पीड़ित थे। स्वभाव से मृदुभाषी मिलनसार सहयोगी साहसी व्यक्तित्व के धनी थे। इनके निधन से शिक्षक संघ को अपूर्णनीय क्षति हुई है। शोक संवेदना व्यक्ति करने वालों में मप्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष गणेश शंकर गर्ग, एस. के. सिंह सोलंकी, प्रमोद दुबे, प्रमोद मिश्रा, सुरेश पाण्डेय, प्रकाश सोनी, कमलकांत जायसवाल, राजीव त्रिपाठी, दिलीप त्रिपाठी, वीरेन्द्र बसक, दिलीप प्यासी, सूर्यकांत तिवारी, एस. के. जैन, संतोष गर्ग, अनिल मिश्रा, फ्हीम खान, मनोज गर्ग, सुमित वर्मा, संजीत गर्ग, मिथलेश पुरी गोस्वामी, बाल्मीक मिश्रा, अजय जैन, प्रमोद पयासी, किशोर मिश्रा, सुरेश सोनी, जी. पी. द्विवेदी, आशीष उरमलिया, पुरूषोश्रम गौतम, के. एल. बुनकर, नरेन्द्र यादव, सुषमा मल्होत्रा आदि ने सादर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# नामों को लेकर फंसा पेंच !

## सर्वाधिक टेंशन महामंत्री पद को लेकर, भाजपा की जिला कार्यकारिणी अटकी

**कटनी। भाजपा की जिला कार्यकारिणी में शामिल होने के लिए दबाव बनाने वाले कई नेताओं के कारण पेंच फस गया है, जिसे सुलझाने के लिए कटनी से लेकर भोपाल तक मशक्कत जारी है। जिला भाजपा की टीम फाइनल करने जिलाध्यक्ष, तीनों विधायक, संभागीय संगठन मंत्री से लेकर प्रदेश के पदाधिकारी लाइनअप हैं और पिछले तीन दिन में कई दौर की बातचीत कर चुके हैं, फिर भी समाधान नही निकल पा रहा। एक दिन पहले जिलाध्यक्ष ने इस मसले पर जबलपुर जाकर सम्भागीय संगठन मंत्री शैलेन्द्र बरुआ के साथ भी चर्चा की, किंतु नामों को लेकर सहमति नही बन पाने के कारण अब भी किसी अंतिम निष्कर्ष पर नही पहुंचा जा सका। वैसे सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि आज शाम या रात तक घोषणा हो जाएगी।**

सूत्रों के मुताबिक कार्यकारिणी में 21 पदाधिकारी बनाये जाने हैं, लेकिन पार्टी के पास लगभग एक सैकड़ा नाम पहुंचे हैंए जिनमे छन्ना लगाया जा रहा है। मौजूदा स्थिति बता रही है कि प्रभारी भेजकर पार्टी ने जो रायशुमारी कराई थी उसका कोई खास फायदा नही हुआ क्योंकि 21 नाम सबकी सहमति से नही निकल पा रहे। किसी नेता को किसी नाम पर आपत्ति हैए तो किसी नेता का किसी को समर्थन है। सूत्र बता रहे हैं कि महामंत्री पद को लेकर सबसे ज्यादा घमासान मचा हुआ है। इस पद पर जिलाध्यक्ष हर हाल में अपने पसंद के व्यक्ति की ताजपोशी चाहते हैंए तो तीनों विधायक अपने समर्थकों को यह ओहदा दिलाना चाह रहे हैं। पार्टी के सांगठनिक ढांचे के मुताबिक 3 महामंत्री बनाये जाने हैंए जिनमें ग्रामीण क्षेत्र को भी प्रतिनिधित्व दिया जाना है, ऐसे में संगठन मंत्री से लेकर भोपाल में बैठे पार्टी के सुप्रीमो वीडी शर्मा और महामंत्री सबनानी आदि को यह तय करने में भारी मशक्कत करना पड़ रही है कि किसे छोड़े और किसे शामिल करें। चूंकि कटनी जिला प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा के लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है ऐसे में खासतौर पर यहां किसी तरह का विवाद नही चाहतीए इसलिए फूंक फूंक कर कदम रखा जा रहा है। प्रदेश नेतृत्व को इस बात का भली भांति अंदाजा है कि कार्यकारिणी की घोषणा के बाद यदि असंतोष के स्वर सुनाई दिए तो पूरे प्रदेश में इसका प्रतिकूल असर जाएगा। कटनी से उठने वाले विद्रोह की चिंगारी अन्य जिलों को भी अपनी आगोश में ले सकती हैए इसी वजह से कटनी से लेकर राजधानी तक इस मसले पर तगड़ा होमवर्क किया जा रहा है। भाजपाई गलियारों में व्याप्त चर्चा के मुताबिक कार्यकारिणी को जातिगत आधार पर सन्तुलित रखने की कोशिशें भी हो रही हैं, ऐसे में ब्राम्हण नेता परेशानी पैदा किये हुए हैं। बताया जा रहा कि उपाध्यक्ष, महामंत्री और मंत्री पद के लिए लगभग 12 ऐसे ब्राम्हण नेता पूरी ताकत लगाए हुए हैं, जिन्हें विधायको का भी समर्थन हासिल है। इसके अलावा इनमें से कुछ के डायरेक्ट प्रदेश अध्यक्ष से मधुर सम्बन्ध हैंए तो कुछ जिलाध्यक्ष के करीबी कहलाते हैं। एक. दो नेता संगठन मंत्री तक दौड़ लगा चुके हैं। दरअसल पार्टी को अपनी जिला टीम में हर वर्ग और जाति को प्रतिनिधित्व देना है, इसलिए गहरे तक मंथन चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक पदों के कुछ दावेदार तो ऐसे हैं जिन्हें शामिल करने के लिए सीधे तौर पर ऊपर का दबाव आ सकता है। इधर खबरों को सच मानें तो विधायकों ने अपनी पसंद के नाम देने के साथ ही अपनी मंशा से सम्भागीय संगठन मंत्री और प्रदेश नेतृत्व को अवगत करा दिया है। वैसे खबर तो यह भी है कि नए और सक्रिय लोगों को ही अवसर दिया जाएगाए पिछ्ली कार्यकारिणी के कम ही चेहरे रिपीट होंगे। इसके अलावा वर्षों से पार्टी की सेवा में लगे लोगों को तवज्जो दिए जाने के संकेत हैं। कुल मिलाकर कटनी की कार्यकारिणी की घोषणा कुछ दिन और टल जाए तो कोई आश्चर्य नही, वैसे जानकार तो यही कह रहे है कि आज शाम तक पदों की लॉटरी खुल सकती है।



जिला कार्यकारिणी की घोषणा संबंधी चर्चाओं के बीच भाजपा जिला कार्यालय में आज श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुण्यस्मरण किया गया।

### खराब रहा पिछला अनुभव

गौरतलब है कि पिछली कार्यकारिणी की घोषणा के बाद विरोध के स्वर खुलेआम सुनाई पड़े थे। अनेक नेताओं ने समूह बनाकर अपना विरोध दर्ज कराया था। पूरे कार्यकाल संगठन पदाधिकारियों को लेकर शिकवा शिकायतें जारी रहीं। दरअसल पिछली कार्यकारिणी में कुछ नाम ऐसे शामिल हो गए थे जिनको लेकर नेताओं को आपत्ति थी। इनमें से कतिपय नाम तो ऐसे थे जिन्होंने कभी मण्डल और मोर्चा संगठन में काम नही किया था और सीधे जिले की टीम में जगह पा गए थे। इस बार पार्टी इन सभी बिंदुओं को ध्यान मे रखकर चल रही है ताकि कार्यकारिणी की घोषणा के बाद डैमेज कंट्रोल न करना पड़े।

# स्कूल खोलने के लिए फार्मूला तैयार कर रही सरकार

## कोरोना संक्रमण के चलते 15 महीने से स्कूलों में लटका है ताला, बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

**कटनी।**

कोरोना संक्रमण के चलते पिछले करीब 15 महीने से स्कूल बंद है। जिससे बच्चों की पढ़ाई चौपट हो गई है। कुछ निजी स्कूलों द्वारा ऑनलाइन पढ़ाई करवाई जा रही है लेकिन ज्यादातर स्कूल बंद है। अब जबकि कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर कमजोर हो गई है और राज्य सरकार द्वारा अनलॉक के तहत कई सारी पाबंदियां हटा ली है, ऐसे में अब स्कूलों को भी खोलने पर रणनीति बनाई जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मप्र में एक जुलाई से पहली कक्षा से हायर सेकंडरी तक स्कूल खोलने की तैयारी चल रही है। सरकार ऐसा फार्मूला तलाश रही है, जो बच्चों को संक्रमण से बचाते हुए स्कूल खोलने में मददगार हो, इसके लिए कोरोना कर्फ्यू का फार्मूला अपनाया जा सकता है। यानी जिस जिले, शहर या गांव में कोरोना संक्रमण होगा, वहां स्कूल बंद रहेंगे और बाकी जगह खोले जाएंगे। ऐसे ही शहर के जिस इलाके में संक्रमण होगा, वहां के स्कूल बंद रहेंगे। यह भी तय होगा कि किस उम्र के बच्चों को कितने समय के लिए स्कूल बुलाया जाए, हालांकि आपदा प्रबंधन समितियों के सुझाव से ही ऐसा हो पाएगा। साथ ही कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि केजी से हायर सेकंडरी तक प्रदेश के सरकारी व निजी स्कूलों में डेढ़ करोड़ विद्यार्थी पढ़ते हैं। प्रदेश में पिछले करीब सवा साल से स्कूल बंद हैं। सिर्फ ऑनलाइन पढ़ाई हो रही है। स्कूल शिक्षा विभाग का मानना है कि बच्चों के बौद्धिक और शारीरिक विकास के लिए यह स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए स्कूल खोलना जरूरी हो गया है, पर उनकी सुरक्षा पर भी पूरा ध्यान दिया जाना है। कक्षाओं में सुरक्षित शारीरिक दूरी बनाए रखना बड़ी चुनौती है। सरकार को 1 जुलाई से स्कूल खोलना है तो अगले 8 दिन में निर्णय लेना होगा। इसे देखते हुए विभाग में ताबड़तोड़ तैयारी चल रही है। शिक्षा क्षेत्र के जानकारों से लगातार बात की जा रही है।

**सरकार ने कहा : स्कूल खोलना जरूरी, बच्चों की सुरक्षा पर रहेगा फोकस**

### समितियों का सुझाव महत्वपूर्ण

आगामी एक जुलाई से स्कूल खोलने का निर्णय लेने में भी राज्य सरकार जनभागीदारी को ही महत्व देगी। राज्य सरकार जिला, विकासखंड और ग्राम स्तर पर गठित आपदा प्रबंधन समितियों से सलाह लेगी। इसके अलावा बाल विशेषज्ञ इस क्षेत्र में काम करने वाली स्वयंसेवी संस्थाएं, बाल रोग विशेषज्ञ और शिक्षाविद् की सलाह ली जाएगी। इसके बाद ही राज्य सरकार द्वारा स्कूल खोलने को लेकर निर्णय लिया जाएगा।

### इनका कहना है

ये बात सही है कि संक्रमण की वजह से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है लेकिन बच्चों की सुरक्षा सरकार की पहली प्राथमिकता है। स्कूल खोलने को लेकर अभी तक सरकार से कोई निर्देश नहीं मिले हैं। जिले में मोहल्ला क्लास के माध्यम से सरकारी स्कूलों के पहली से आठवी तक के बच्चों की पढ़ाई करवाई जा रही है। कुछ निजी स्कूलों द्वारा ऑनलाइन पढ़ाई करवाई जा रही है।

**-के के डेहरिया, डीपीसी**

### ये हो सकता है फार्मूला

1. कक्षा नवमी से हायर सेकंडरी : किसी कक्षा के किसी सेक्शन में 40 विद्यार्थी हैं, तो 20 बच्चे एक दिन स्कूल आएंगे और शेष 20 बच्चे अगले दिन।
2. छठवीं से आठवीं : बच्चों को हफ्ते में एक या दो दिन बुलाया जा सकता है। वह भी सीमित संख्या में। इसमें स्कूल की क्षमता का भी ध्यान रखा जाएगा।
3. पहली से पांचवीं : फिलहाल ऑनलाइन ही पढ़ाया जा सकता है।
4. केजी और नर्सरी : बच्चों को फिलहाल नहीं बुलाया जाएगा।

# ट्रक से बैटरी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

## सीसीटीवी फुटेज से एनकेजे पुलिस के हाथ लगा आरोपी

**कटनी।** एनकेजे थाना अंतर्गत दुर्गा चौक खिरहनी स्थित एक पेट्रोल पंप में खड़े ट्रक से बैटरी चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 15 हजार रूपए कीमती दो बैटरियों को भी बरामद कर लिया है। गौरतलब है कि दुर्गा चौक स्थित एक पेट्रोल पंप में भारत गैस कंपनी के खड़े ट्रक का कांच तोड़कर अज्ञात आरोपी ने अंदर से 15 हजार रूपए कीमती दो बैटरियों को पार कर दिया था। पुलिस ने ट्रक चालक अखिलेश मिश्रा की शिकायत पर मामले को जांच में लिया और बैटरी चोरी करने वाले बदमाश की गिरफ्तारी के प्रयास किए। जिसमें पुलिस को सफलता मिल गई और पुलिस ने बैटरी चोरी के आरोप में दुर्गा चौक खिरहनी निवासी 20 वर्षीय गोलू निषाद नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई दोनों बैटरी भी बरामद कर ली गई हैं। चोरी के आरोपी को गिरफ्तार करने में एनकेजे थाना प्रभारी महेन्द्र कुमार मिश्रा, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र पाण्डेय, सतीश हल्दकार, आरक्षक चन्द्रेश सिंह, आरिफ हुसैन, लोटेश प्रजापति व प्रहलाद सिंह की भूमिका रही।

# 7 करोड़ के जेवर जप्त, युवक सशर्त रिहा

## तीन स्तरों पर हो रही मामले की जांच



**ताप्तीगंगा एक्सप्रेस से कटनी पहुंचे तीन युवकों से 14 किलो स्वर्ण आभूषण जप्त होने का मामला**

**कटनी।** 21 व 22 जून की देररात सूरत से चलकर कटनी पहुंची ताप्तीगंगा एक्सप्रेस से कटनी आए तीन युवकों से बरामद लगभग 7 करोड़ रूपए कीमती 13 से 14 किलो वजनी सोने के जेवरों को रेल पुलिस ने सीआरपीसी की धारा 102 के तहत जप्त कर लिया है। सोना जप्ती के साथ ही रेल पुलिस, आयकर विभाग व जीएसटी की टीम अपने-अपने स्तर पर जांच कर रही है। ने बताया कि सूरत से भागलपुर के बीच कटनी होकर चलने वाली ताप्तीगंगा एक्सप्रेस में सोने की तस्करी होने की जानकारी मुखबिरों से मिली। जिसके बाद रेल पुलिस की टीम ट्रेन के कटनी पहुंचने के पूर्व ही सक्रिय हो गई। रेल पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के मुताबिक सूरत गुजरात निवासी धवल कुमार, अजय कुमार व पल्लोव पटेल के पास से बरामद सोने के जेवरों को बरामद कर जांच की जा रही है। वहीं आयकर विभाग व जीएसटी विभाग की टीम भी अपने स्तर पर जांच कर रही है। श्रीजैन के मुताबिक युवकों के पास से मिला लगभग 7 करोड़ रूपए कीमती सोने के जेवरों को रेल पुलिस ने सीआरपीसी की धारा 102 के तहत जप्त कर लिया है तथा युवकों को इस शर्त पर छोड़ दिया गया है कि वो जब भी जांच में जरूरत पड़ेगी हाजिर होंगे। वहीं मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उस अनुसार आगें कार्रवाई की जाएगी। वहीं मामले की जांच गुजरात की एंटी विजन टीम भी जांच कर रही है।

# 18 लाख का मसूर व चना खुर्दबुर्द करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर व जौनपुर से 299 बोरी मसूर दाल भी बरामद,5 टन चना के साथ फरार दो लोगों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज**

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत लमतरा स्थित औघोगिक क्षेत्र स्थित एक फर्म से बिहार के लिए ट्रक में लोड हुई लगभग 18 लाख रूपए कीमती मसूर व चना दाल को खुर्दबुर्द करने के पांच में से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस कटनी ले आई है जबकि फरार दो आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 299 बोरा मसूर दाल को भी बरामद कर लिया है। कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि 18 जून को बंगला लाइन माधवनगर निवासी मुकेश कुमार रावलानी ने शिकायत में बताया कि उसकी औघोगिक क्षेत्र लमतरा स्थित फर्म कविता पल्सेस से 8 जून को ट्रक क्रमांक यू.पी.53एफटी-8475 में 20 टन मसूर दाल एवं 5 टन चना की बोरियां को बिहार के लिए भेजा गया था। लेकिन ट्रक चालक मिर्जापुर निवासी विनोद कुमार गौतम ने दाल की बोरियों को गंतव्य स्थान नहीं पहुंचाया और बोरियों को बीच में खुर्द बुर्द कर दिया। व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिससे पता चला कि चालक ट्रक मैहर रीवा होते मिर्जापुर की ओर गया है। जिस पर आरोपियों की पतासाजी के लिए टीम को मिर्जापुर के लिए रवाना किया गया। ट्रक चालक की मोबाइल लोकेशन के आधार पर उसे काली मंदिर के पास नटवा चौकी मिर्जापुर से हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। ट्रक चालक ने बताया कि ट्रक मालिक बाबा यादव ने संजय मौर्य नामक व्यक्ति से बात करके ट्रक को बनारस के पहले टेनडा मोड़ पर खडा करवा कर मसूर की दाल एवं चना को गया बिहार न लेजाकर पंकज मौर्य के कहने पर मसूर की दाल धर्मापुर जिला जौनपुर में प्रेमचंद यादव तथा गुलाबचंद यादव के घर उतरवा दिया था। प्रकरण में ट्रक चालक खैराडीह थाना अरौरा जिला मिर्जापुर निवासी 30 वर्षीय विनोद कुमार उर्फ प्रमोद कुमार गौतम पिता बंधुराम गौतम की संलिप्ता होने पर उसे गिरफ्तार किया गया। वहीं नटवा चौकी मिर्जापुर में ट्रक मालिक बाबा यादव से पूछताछ की गई। जिसने बताया कि ट्रक को गति कोरियर नटवा तिराहा मिर्जापुर में काम करने वाले पंकज मौर्य ने उसे दिलवाया था। संदेही ने शिवम ट्रांसपोर्ट कैलवारा कटनी के माध्यम से कविता पल्सेस से मसूर दाल तथा अन्य दूसरे स्थान से चना लोड कर गया बिहार के लिए रवाना किया था। पंकज के कहने पर ट्रक में लोड दाल और चना को धर्मापुर जिला जौनपुर में प्रेमचंद यादव व गुलाबचंद यादव की दुकान में उतरवा दिया था। आरोपी बाबा उर्फकमलेश यादव पिता मयाशंकर यादव द्वारा फर्जी रूप से ट्रक का स्वामी बनकर मसूर दाल व चना का गबन करना पाए जाने पर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपियों बताए अनुसार धर्मापुर जिला जौनपुर से गुलाबचंद के कब्जे से 299 बोरी मसूर दाल जप्त कर जौनपुर जिला के ग्राम पौना निवासी गुलाबचंद यादव पिता राममूरत यादव को गिरफ्तार किया गया। वहीं अब इस प्रकरण में फरार आरोपी पंकज मौर्य व प्रेमचंद यादव की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।



### इनकी रही भूमिका

अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश व नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में मामले की गुत्थी सुलझाने में कुठला थाना प्रभारी कुठला विपिन सिंह, माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे, साइबर सेल प्रभारी नीरज दुबे, उपनिरीक्षक प्रियंका राजपूतए, सिद्धार्थ राय, सहायक उपनिरीक्षक विजेंद्र तिवारी, प्रधान आरक्षक सुग्रीवधर बडगैया, आरक्षक अनमोल सिंह, दीपक सिंह, राकेश त्रिपाठी, प्रशांत विश्वकर्मा की अहम भूमिका रही।

### कर्तव्य निभाने भतीजे की शादी में शामिल नहीं हो पाए एएसआई

एक जानकारी में बताया जाता है कि मामले की पड़ताल के लिए पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के द्वारा गठित टीम में सहायक उपनिरीक्षक विजेन्द्र तिवारी भी शामिल थे। इस दौरान 20 जून को सतना में उनके भतीजे की शादी भी थी लेकिन श्रीतिवारी ने भतीजे की शादी में शामिल होने के बजाय अपने कर्तव्य को प्राथमिकता दी।


**बेचना है**

**मारूती ओमनी वेन**
(मॉडल - 2008)
कीमत - 1,20,000/-
अच्छी, चालू, विदाऊट मेन्टेनेंस, कागजात कम्प्लीट
नोट : मॉडल के हिसाब से खरीददार सम्पर्क न करें।
मो. नं. 7477054074


# बिलहरी पुलिस ने नष्ट कराया 100 किलो महुआ लाहन



**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र की बिलहरी चौकी पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के ठिकानों पर दबिश देकर 100 किलो महुआ लाहन नष्ट किया है। बिलहरी पुलिस चौकी प्रभारी सेल्वाराज पिल्लई के मुताबिक पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी क्षेत्र में दबिश देकर कई जगह महुआ लाहन नष्ट कराया गया और आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। श्रीपिल्लई ने बताया कि अभियान के तहत सुशील पिता राजेंद्र माजी के पास से 2 लीटर, प्रेमलाल पिता रामप्रसाद बर्मन ग्राम गनियारी के पास 15 पाव, पार्वती पति राम कुमार मांझी ग्राम मतवारी हार के पास से 2 लीटर, देवकली या बाई पति भानु मांझी ग्राम बमोरी के पास से 3 लीटर, संदीप नरकटिया पिता रामलाल ग्राम करैया के पास से 4 लीटर अवैध शराब बरामद की गई और महुआ लाहन नष्ट कराया गया।


**पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist**

**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009






**PRE. REGISTRATION साईंनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष–35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**PRE. REGISTRATION साईंनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक–श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक–आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन– (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19–21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)